चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 203 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

16 जनवरी 2025 गुरुवार

आज का मौसम

26 अधिकतम

9 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो






इसरो ने रचा इतिहास

## अंतरिक्ष में दो ऑब्जेक्ट आए साथ, आखिरकार डॉकिंग हुई कामयाब

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत आज अंतरिक्ष डॉकिंग में सफलता प्राप्त करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट के तहत दो सैटेलाइट का सफलतापूर्वक डॉकिंग किया। इसरो ने इस मौके पर पूरी टीम को बधाई दी। दरअसल, 12 जनवरी को इसरो ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट यानी स्पेडेक्स का सफल ट्रॉयल किया था। इसरो ने दो स्पेस सैटेलाइट के बीच दूरी पहले 15 मीटर, फिर 3 मीटर तक रखी। इसके बाद दोनों सैटेलाइट को वापस सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया था।

इसरो ने 30 दिसंबर, को स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च किया था। यह मिशन भारत के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य स्वचालित रेंडेजवस और डॉकिंग तकनीक को विकसित करना है। यह टेक्निक भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों, जैसे चंद्रमा और उससे आगे के मिशनों के लिए जरूरी होगी। मिशन की सफलता के बाद भारत अब अमेरिका, रूस और चीन की पांत में आ गया है।

इसरो के अनुसार, जब अंतरिक्ष में कई ऑब्जेक्ट होते हैं और जिन्हें किसी खास उद्देश्य के लिए एक साथ लाने की जरूरत होती है तो डॉकिंग की आवश्यकता होती है। डॉकिंग वह प्रक्रिया है जिसके मदद से दो अंतरिक्ष ऑब्जेक्ट एक साथ आते हैं और जुड़ते हैं। यह विभिन्न तरीकों का उपयोग करके किया जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष अंतरिक्ष स्टेशन पर चालक दल के मॉड्यूल स्टेशन पर डॉक करते हैं, दबाव को बराबर करते हैं और लोगों को स्थानांतरित करते हैं।

### शहडोल में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में जुटे देशभर के उद्योग समूह

## आदिवासी इलाकों में 30 हजार करोड़ के औद्योगिक निवेश की नई जमीन तैयार

**शहडोल.दोपहर मेट्रो**

आदिवासी बाहुल्य शहडोल संभाग में आज पहली बार औद्योगिक निवेश के लिए निवेशकों का जमावड़ा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने यहां रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव का उद्घाटन किया। इस कान्क्लेव के जरिये सरकार का पूरा फोकस स्थानीय स्तर पर लोगों को अधिकाधिक संख्या में रोजगार दिलाने का है। सरकार को उम्मीद है कि आज दिनभर के मंथन के बाद शहडोल व आसपास के तीन जिलो में निवेश के बेहतर प्रस्ताव मिलेंगे और क्षेत्र औद्योगिक विकास की तेज राह पकड़ेगा। प्रारंभिक तौर पर आए प्रस्तावों में करीब तीस हजार करोड़ के निवेश का अनुमान जताया गया है। इस समिट के लिये मुख्यमंत्री यादव ने उद्योगपतियों को भरोसे में लेते हुए यह संकेत दिए हैं कि शहडोल संभाग में औद्योगिक क्षेत्रों का विकास किया जाएगा, जिससे संभाग के तीनों जिलों- शहडोल उमरिया और अनुपपुर का विकास होगा। निवेशकों के अलावा तमाम अधिकारी, कर्मचारी, व्यापारी और प्रबुद्धजन भी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में शामिल होकर शहडोल की




विकास गाथा के सारथी बनेंगे।

उल्लेखनीय है कि यह प्रदेश की सातवीं रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव है। इससे पहले उज्जैन,सागर,रीवा,नर्मदापुरम,जबलपुर में भी ऐसे आयोजन हो चुके हैं। इनके बाद अगले महीने भोपाल में ग्लोबल इंडस्ट्री समिट होगी। आज शंहडोल में 2 हजार से अधिक उद्यमी शामिल हो रहे हैं और तीस हजार करोड़ से अधिक का निवेश करने का प्रस्ताव मिला है। यदि इन प्रस्तावों को धरातल में उतारने में सरकार सफल रही तो शहडोल संभाग की दशा-दिशा दोनों बदल जाएगी। आयोजन में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल,उद्योग मंत्री चेतन्य कश्यप सहित कई मंत्री और प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी उपस्थित है। इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव ( आरआईसी ) का आयोजन हो रहा है। यहां निवेशकों की सुविधा को ध्यान रखते पांच डोम तैयार किए है,जो आधुनिक सुविधाओं से सजे हैं।

### उद्योगपतियों से वन टू वन, अफसर पाबंद

शहडोल में आज मुख्यमंत्री निवेशकों से वन टू वन संवाद भी करेंगे तथा मप्र सरकार की उद्योग नीतियों से अवगत कराएंगे। वे पहले ही अफसरो को निर्देश दे चुके हैं कि उद्योग लगाने के लिए जो निवेशक आ रहे हैं, हम उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो। निवेशकों की सुविधा के लिए हर जिले में इन्वेस्टमेंट फैसिलिटेशन सेंटर प्रारंभ किए गए हैं। जिला कलेक्टरों को इनका नोडल अधिकारी बनाया गया है। डॉ. यादव ने बताया कि शहडोल संभाग के तीनों जिला कलेक्टर को स्टार्ट-अप के लिए युवा उद्यमियों को तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि भोपाल में 24-25 फरवरी को आयोजित ग्लोबल समिट में जापान कंट्री पार्टनर के रूप में भाग ले रहा है। मुख्यमंत्री भी निवेश आकर्षित करने 27 जनवरी से 1 फरवरी तक जापान की यात्रा पर रहेंगे। सीएम ने कहा है कि जापान के कंट्री पार्टनर बनने से मप्र में बड़ा निवेश आएगा।

## घर में घुसकर सैफ पर चाकू से छह वार

**मुंबई, एजेंसी**

एक सनसनीखेज घटनाक्रम में फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर चाकू से घर में घुसकर चाकू से ताबड़तोड़ हमला किया गया। इसमें वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं और लीलावती अस्पताल में भर्ती हैं। उनकी सर्जरी की गई है। बताया जा रहा है कि एक अज्ञात व्यक्ति चोरी के इरादे से रात 2.30 बजे के आसपास मुंबई के बांद्रा स्थित उनके घर में घुसा था।



हमलावर के साथ हाथापाई के दौरान उन पर तेजधार हथियार से कई वार किए गए। सैफ पर चाकू से छह वार किए गए हैं। उनकी गर्दन और रीढ़ की हड्डी के पास गंभीर चोटें आई हैं। उनके शरीर से दो से तीन इंच लंबा शार्प ऑब्जेक्ट निकाला गया है। यह चाकू का ही हिस्सा बताया जा रहा है। सैफ की कॉस्मैटिक सर्जरी भी की जा रही है। हमले में सैफ अली खान की हाउस हेल्प भी घायल हुई हैं। सूत्रों का कहना है कि घर में एक डक्ट है जो बेडरूम के भीतर खुलती थी। शुरुआती जांच में पता चला है कि संभवत-इसी डक्ट से चोर घर में घुसे थे। लीलावती अस्पताल के सीओओ डॉ. नीरज उत्तमानी ने कहा कि दो वार बहुत गहरे हैं,इनमें एक वार सैफ की रीढ़ की हड्डी के पास किया गया है।

### सनसनीखेज घटना, गंभीर रूप से हुए घायल, शरीर में ही धंसा रहा गया चाकू

#### बच्चों के कमरे में हुई थी वारदात

सूत्रों का कहना है कि ये घटना सैफ अली खान के बच्चों तैमूर और जेह के कमरे में हुई है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हमलावर अंदर कैसे घुसे। सैफ की पीआर टीम का कहना है कि नैनी (बच्चों की देखभाल करने वाली हेल्पर) रात के 2.30 बजे के आसपास कुछ आवाज सुनकर उठी। घर पर सैफ परिवार सो रहा था। तब सैफ आवाज सुनकर जागे और उन्होंने हमलावर का सामना किया। सैफ ने हमलावरों को पकड़ने की कोशिश की। इस हाथपाई में हमलावर ने उन पर कई वार किए और हमलावर भाग खड़े हुए। सैफ की पत्नी करीना कपूर ने बताया कि घर में लूट की कोशिश की गई। उधर मुंबई पुलिस ने मामले की जांच के लिए 7 टीम का गठन किया है। कहा जा रहा है कि घर में घुसे हमलावर की हाउस हेल्प से बहस हो रही थी, जिसे शांत कराने के लिए सैफ बीच में आए।

## महाकुंभ से अचानक लौटीं लॉरेन



**प्रयागराज, एजेंसी।** एप्पल को-फाउंडर स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन पॉवेल महाकुंभ से अचानक लौट गई हैं। वो दस दिन के लिए यहां आई थी, लेकिन तीन दिन में ही वापस चली गईं। लॉरेन पॉवेल को एलर्जी की दिक्कत हो गई थी। बताया जा रहा है कि जॉब्स अगले कुछ दिन भूटान में ही प्रवास करेंगी। अरबपति कारोबारी स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन पॉवेल जॉब्स ने महाकुंभ में निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि के शिविर में प्रवास किया। जॉब्स 13 जनवरी को प्रयागराज पहुंची थीं। मकर संक्रांति पर स्नान करने की भी उनकी इच्छा थी, लेकिन तबीयत खराब होने के कारण वह अमृत स्नान नहीं कर सकीं। बुधवार को उन्होंने अपने गुरु आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि से दीक्षा ली। लॉरेन पॉवेल को महाकाली के बीज मंत्र की दीक्षा दी गई है। वह क्रीं महाकालिका नमः का जाप करेंगी।

गुरु आचार्य से ली दीक्षा

## राहुल के पहले शाह आ सकते हैं मप्र

**नई दिल्ली/भोपाल, एजेंसी**

संसद में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भीमराव अंबेडकर पर दिए गए कथित बयान के विरोध में कांग्रेस 27 जनवरी को महू में जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली निकालने की तैयारी में जुटी है वहीं रैली के पहले भाजपा ने भी मप्र के बड़े शहरों में संविधान को लेकर सम्मेलन आयोजित करने की तैयारी कर रही है। इस बीच खबर है कि गणतंत्र दिवस के पहले केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भोपाल आ सकते हैं। वे यहां मप्र भाजपा के 25 जनवरी को हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान प्रबुद्धजन सम्मेलन में शामिल हो सकते हैं। हालांकि, अभी बीजेपी के केन्द्रीय नेतृत्व की ओर से सम्मेलन की तारीख तय नहीं की गई है।

## बादलों का घेरा, ठंड से मामूली राहत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

वेस्टर्न डिस्टरबेंस यानि पश्चिमी विक्षोभ एक्टिविटी की वजह से मध्यप्रदेश में मौसम फिर बदल गया है। आज सुबह निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सतना, रीवा, मैहर, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में कोहरा रहा। भोपाल में भी बादलों व कोहरे के चलते सुबह रोशनी आठ बजे ही हो सकी। हालांकि ठंड कम रही और दोपहर तक पारा 23 पर जा पहुंचा। सुबह रायसेन में बादल छाए रहे। श्योपुर में करीब 15 मिनट तक बारिश हुई। शीतलहर के कारण सर्दी भी बढ़ गई। न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस पर जा पहुंचा। नर्मदापुरम में बादल छाए रहने से तापमान में बढ़ोतरी हुई है। इससे पहले बुधवार को ग्वालियर-चंबल में बादल छाए रहे। वेस्टर्न डिस्टरबेंस का फिलहाल प्रदेश के उत्तरी हिस्से में असर है।

मेट्रो एंकर

### आर्थिक साम्राज्यों को हिलाने वाली हिंडनबर्ग रिसर्च कंपनी बंद करने का फैसला

## तय पॉइंट पर पहुंचने के बाद एक सफल कॅरियर भी स्वार्थी कार्य बन जाता है...

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कई बडे कारोबारी समूह के लिए दहशत पैदा करने वाली अमेरिकी शॉर्ट-सेलिंग फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च अब बंद होने जा रही है। देर रात कंपनी के फाउंडर नाथन एंडरसन ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि कंपनी बंद करने का फैसला काफी बातचीत और सोच कर लिया है। हालांकि एंडरसन ने कंपनी बंद करने का कोई विशेष कारण नहीं बताया। हिंडनबर्ग रिसर्च की शुरुआत 2017 में हुई थी। इसकी रिपोर्टों ने भारत के अडाणी ग्रुप और इकान इंटरप्राइजेज सहित कई कंपनियों को अरबों डॉलर का नुकसान पहुंचाया था। अगस्त 2024 में हिंडनबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड चीफ माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच की अडाणी ग्रुप से जुड़ी ऑफशोर कंपनी में हिस्सेदारी है। इस बीच अमेरिका से आई इस खबर का असर खासतौर पर भारतीय अरबपति गौतम अडानी की कंपनियों के शेयरों पर देखने को मिला। उधर हिंडनबर्ग के शटर डाउन का ऐलान हुआ, तो इधर अडानी के शेयर रॉकेट बने नजर आए। ताजा फैसले पर नाथन एंडरसन ने लिखा-जैसा कि मैंने पिछले साल के अंत से ही अपने परिवार, दोस्तों और अपनी टीम के साथ शेयर किया। मैंने हिंडनबर्ग रिसर्च को भंग करने का निर्णय लिया है। प्लानिंग ये थी कि हम जिन विचारों पर काम कर रहे थे, उनके पूरे होते ही इसे बंद कर दिया जाएगा। एंडरसन ने यह भी लिखा कि मैं यह सब खुशी से लिख रहा हूं। इसे बनाना मेरे जीवन का सपना रहा है। यह कोई आसान ऑप्शन नहीं था। लेकिन मैं खतरे को लेकर



अनुभवहीन था। मैग्नेट की तरह इसकी तरफ खिंचा चला गया। अब क्यों न इसे भंग किया जाए? कोई खास बात नहीं है- कोई खास खतरा नहीं, कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं और कोई बड़ा व्यक्तिगत मुद्दा नहीं है। किसी ने एक बार मुझसे कहा था कि एक तय पॉइंट पर एक सफल करियर एक स्वार्थी कार्य बन जाता है।

उल्लेखनीय है कि अगस्त 2024 में हिंडनबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था सेबी चीफ माधबी पुरी बुच के पास अडाणी ग्रुप के जरिए पैसों की हेराफेरी स्कैंडल में इस्तेमाल की गई अस्पष्ट ऑफशोर एंटिटीज में हिस्सेदारी थी। डॉक्यूमेंट्स का हवाला देते हुए हिंडनबर्ग ने कहा था कि बुच और उनके पति धवल बुच के पास एक ऑफशोर फंड में हिस्सेदारी थी। जिसमें गौतम अडाणी के भाई विनोद अडाणी ने काफी मात्रा में पैसा लगाया था। विनोद, अडाणी ग्रुप की कंपनियों के चेयरमैन हैं। इससे पहले भी इस फर्म ने एक रिपोर्ट में अडानी ग्रुप से संबंधित कथित गड़बड़ियों का हवाला दिया था।

### ऐसे पडा हिंडनबर्ग नाम


दरअसल 6 मई 1937 को ब्रिटेन के मैनचेस्टर शहर में हिंडनबर्ग नाम का एक जर्मन एयर स्पेसशिप उड़ान भरते समय हवा में ही क्रैश हो गया था। इस हादसे में 35 लोगों की मौत हुई थी। जांच के बाद पता चला था कि इस विमान के हाइड्रोजन गुब्बारों में आग लगने की वजह से ये घटना घटी थी। कंपनी ने नियमों का पालन किए बिना क्षमता से ज्यादा लोगों को इस विमान में बिठा दिया था। लिहाजा नाथन एंडरसन का मानना था कि स्पेसशिप कंपनी पहले की घटनाओं से सीखकर इस हादसे को टाल सकती थी। 80 साल पहले हुई घटना पर उन्होंने 2017 में अपनी कंपनी का नाम 'हिंडनबर्ग' रखा था। नाम रखने का मकसद सिर्फ एक था- हिंडनबर्ग की तर्ज पर शेयर मार्केट में लाभ कमाने के लिए हो रही गड़बड़ियों पर नजर रखकर उसकी पोल खोलना। ताकि शेयर मार्केट में घोटालों की वजह से होने वाले किसी क्रेश को रोका जा सके।

## नीतीश की आपत्ति खारिज, आईएएस पत्नी ने दी थी चुनौती




**जबलपुर।** टीवी के महाभारत सीरियल में कृष्ण का किरदार निभाने वाले अभिनेता नीतीश भारद्वाज द्वारा अपनी दो बेटियों के पासपोर्ट रिन्यू करने पर दर्ज आपत्ति को खारिज कर दिया गया है। इस मामले में उनकी आईएएस पत्नी स्मिता भारद्वाज ने पासपोर्ट कार्यालय के द्वारा आवेदन निरस्त किए जाने को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। जस्टिस विनय सराफ की बैंच ने मामले में सुनवाई के बाद नीतीश भारद्वाज की आपत्ति को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि किसी का यात्रा पर जाना उसका मौलिक अधिकार है। वहीं कोर्ट ने दोनों बेटियों के नाम पर पासपोर्ट जारी करने के निर्देश दिए हैं। नीतीश और स्मिता भारद्वाज की दो बेटियों ने इंग्लैंड जाने के लिए पासपोर्ट नए सिरे से रिन्यू करने का आवेदन किया था। पासपोर्ट की अवधि आज समाप्त होने वाली है।

## फिर बदला मौसम




**भोपाल. दोपहर मेट्रो।** बादलों के कारण शहर के न्यूनतम तापमान में एक ही दिन में साढ़े पांच डिग्री की बढ़ोतरी हो गई। शहर में पूरे दिन बादलों की स्थिति रही, इस दौरान सुबह ठंडक रही, लेकिन दोपहर बाद हवा का रुख बदले ही सर्दी से थोड़ी राहत मिली। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री पर पहुंच गया।

### सालभर में कई दावे नाकाम

# दिल का मामला गड़बड़.. हमीदिया में कैथ लैब की शिफ्टिंग फिर अटकी !

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

दिल के मरीजों के लिये मददगार हमीदिया अस्पताल की कैथलैब की शिफ्टिंग एक बार फिर उलझती लग रही है। आलम यह है कि बीते एक साल से इसकी शिफ्टिंग का प्लान चल रहा है इसकी तैयारी के दावे भी चल रहे हैं। इस दौरान चार प्लान भी तैयार किए जा चुके हैं। 15 जनवरी यानि कल तक शिफ्टिंग का दावा किया गया था। लेकिन एक बार फिर शिफ्टिंग अटक गई है। दरअसल, जीएमसी प्रबंधन की ओर से कैथ लैब शिफ्टिंग की एजेंसी का निर्धारण टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से करने संबंधी निर्देश दिए थे। अब इस परेशानी को दूर करने के लिए नया प्लान तैयार किया जाएगा। इसके रिव्यू के बाद ही शिफ्टिंग पर विचार होगा। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष हमीदिया अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग को तोड़ने के दौरान उड़ रही धूल के चलते कैथलैब बंद करनी पड़ी थी। मलबा भी कैथलैब के रास्ते में पटक दिया गया। इसके चलते करीब तीन महीने तक लैब बंद रही। इस दौरान हार्ट के आपरेशन बंद रहने पर अस्पताल में मरीजों का हंगामा होने लगा। मामले की जानकारी




मिलने पर डिप्टी सीएम ने तीन महीने में कैथलैब को नई बिल्डिंग में शिफ्ट करने के निर्देश दिए थे। कैथलैब हृदयरोग विभाग के अंतर्गत आने वाली एक लैब होती है। इसमें हृदय रोगियों की सर्जरी की जाती है। इसमें मुख्य रूप से एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, एब्लेशन और पेस मेकर व आईसीडी जैसी सर्जरी शामिल हैं। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक पर काम करती है। इससे शरीर के भीतर देखने की क्षमता बढ़ जाती है और संक्रमण का स्तर भी कम होता है।


### एनसीआइएसएम अध्यक्ष ने जारी किया पत्र

## अब आयुष विभाग में सभी की हाजिरी बायोमेट्रिक होगी

**भोपाल.** आयुष विभाग में डॉक्टर, प्रोफेसर, गैर शिक्षण स्टाफ, अस्पताल स्टाफ और स्नातकोत्तर छात्रों की अब बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करना आवश्यक कर दी गई है। भारतीय चिकित्सा पद्धति मूल्यांकन एवं रेटिंग बोर्ड (एनसीआइएसएम) के अध्यक्ष डॉ.रघुराम भट्ट ने पत्र जारी कर सभी आयुर्वेद, यूनानी, होयोपैथी महाविद्यालय, विश्वविद्यालय एवं चिकित्सालयों में बायोमेट्रिक हाजरी लगाने के आदेश दिए है। अब आयुष विभाग के सभी कर्मचारियों, अधिकारी, शिक्षक आदि की उपस्थिति बायोमेट्रिक पर दर्ज होने पर ही मानी जाएगी। नीमा छात्र प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ हरेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि बायोमैट्रिक द्वारा उपस्थिति दर्ज कराना एनसीआईएसएम का एक सराहनीय कार्य है। पर पूर्व में भी इस आदेश को लागू किया गया था, लेकिन कर्मचारियों के विरोध चलते आदेश लागू नहीं हो सका। एनसीआईएसएम से मांग करते हैं कि इस बार इस नियम को कड़ाई से इसका पालन कराए।

### सप्ताह में दो बार चलेगी महामेला स्पेशल गाड़ी

# महाकुंभ के लिए रेलवे ने भी कमर कसी, भोपाल से नई स्पेशल ट्रेन



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

रेलवे भी प्रयागराज में कुंभ मेले में शामिल होने वाले यात्रियों की संख्या को देखते हुए राजधानी के आरकेएमपी रेलवे स्टेशन से अब महाकुंभ स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला कर लिया है। ये ट्रेन सप्ताह में 2 दिन चलेगी। भोपाल से सोमवार और गुरुवार को महाकुंभ के लिए श्रद्धालु जा सकेंगे। वहीं, मंगलवार और शुक्रवार को वापसी होगी। आज यानि गुरुवार को इसकी शुरुआत हो गई है। बताया जाता है कि रेलवे ने महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं की मांग और आस्था को ध्यान में रखते हुए यह ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। रानी कमलापति-बनारस-रानी कमलापति कुंभ महामेला एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन सप्ताह में 2 दिन चलेगी। यह मंडीदीप, औबेदुल्लागंज, बुदनी, नर्मदापुरम और इटारसी स्टेशनों से होकर गुजरेगी। ट्रेन में 2 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 4 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 7 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी, 5 स्लीपर और 2 जनरल श्रेणी सहित कुल 22 कोच रहेंगे। उल्लेखनीय है कि 26 फरवरी तक प्रयागराज में चलने वाले महाकुंभ को लेकर रेलवे ने मध्यप्रदेश के यात्रियों की सुविधा के लिए अलग अलग स्थानों से लगभग 40 ट्रेनें चलाई हैं। ये मप्र के 35 से ज्यादा स्टेशनों से गुजरेंगी। रेलवे ने 8 ट्रेनों को नैनी स्टेशन पर भी स्टॉपेज दिया है।

#### ये रहेगी टाइमिंग

– **गाड़ी संख्या 01661** द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 16 जनवरी से शुरू होकर 20 फरवरी तक हर सोमवार और गुरुवार को चलेगी। सुबह 11.10 बजे रानी कमलापति से प्रस्थान, अगले दिन सुबह 10.15 बजे बनारस पहुंचेगी।

– **गाड़ी संख्या 01662** द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 17 जनवरी से 21 फरवरी तक हर मंगलवार और शुक्रवार को चलेगी। दोपहर 2.45 बजे बनारस से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 11.30 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। ट्रेनें दोनों दिशाओं में मंडीदीप, औबेदुल्लागंज, बुदनी, नर्मदापुरम, इटारसी, सोहागपुर, पिपरिया, गाडरवारा, करेली, नरसिंहपुर, श्रीधाम, मदनमहल, जबलपुर जंक्शन, देवरी, सिहोरा रोड, कटनी जंक्शन, झुकेही, मैहर, सतना जंक्शन, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर और चुनार स्टेशनों पर रुकेगी।

### मप्र मानव अधिकार आयोग ने प्रदेश के तीन मामलों में संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों से मांगा जवाब

# खुले आसमान तले रात बिताने को मजबूर गरीब, नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले सहित प्रदेश के तीन मामलों में संज्ञान लिया है। पहला मामला राजधानी के न्यू मार्केट स्थित रैन बसेरा बंद होने का है। मामले में आयोग ने नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन भी आयोग ने तलब किया है। आयोग के संज्ञान में आया है कि न्यू मार्केट क्षेत्र स्थित बने रैन बसेरा के रिनोवेशन होने के बावजूद वह बंद पड़ा हुआ है, इस कारण गरीब एवं बेसहारा लोगों को ठंड में खुले आसमान के नीचे मार्केट की दुकान के सामने रात बितानी पड़ रही है।

**बंदी की इलाज के दौरान मौत, जेल अधीक्षक से रिपोर्ट मांगी:** भोपाल शहर के सेंट्रल जेल में बंद एक बंदी की संदिग्ध हालात में मृत्यु




होने की घटना सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बंदी को बीमार अवस्था में इलाज के लिये हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान बंदी की मृत्यु हो गई। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने अधीक्षक, केंद्रीय जेल, भोपाल से मामले की जांच कराकर विहित प्रोफार्मा में प्रतिवेदन ईलाज संबंधी दस्तावेज आदि के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन मांगा है।

**हाथी का डर, पेड़ पर गृहस्थी:** अनूपपुर जिले के कुशमहाई गांव में दो जंगली हाथी के घूमने का मामला सामने आया है। यहां गांव में रहने वाले बैगा एवं गोंड परिवार के घरों और खेतों के फसलों को हाथी नुकसान पहुंचा रहे है, इस कारण हाथी के डर से ग्रामीणों को अपने घर की छत एवं पे? पर गृहस्थी करनी पड़ रही है। मामले में आयोग ने कलेक्टर एवं डीएफओ, अनूपपुर को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही वन्य प्राणियों से जन सुरक्षा एवं पीड़ित परिवार को देय आर्थिक मुआवजा राशि के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन मांगा है।



**भोपाल।** पुराने भोपाल स्थित सराफा चौक के सर्राफा एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष नरेश अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेश सोनी रज्जू सचिन अखिलेश मित्तल कोषाध्यक्ष अमित मित्तल निर्वाचित घोषित हुए।

## भाभा विवि परिसर में नया छात्रावास



**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय परिसर में आज नए छात्रावास एवम मेस का लोकार्पण कुलाधिपति ने किया। छात्रों की मांग को देखते हुए प्रबंधन ने नए भव्य छात्रावास का निर्माण कर सर्व सुविधा उपलब्ध कराया है और इंडोर गेम्स एवम जिम की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कुलाधिपति ने छात्रों से कहा कि इस तरह का छात्रावास शिक्षा प्राप्त करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है। कार्यक्रम में कुलगुरु डॉ दिलीप कुमार डे ,कुलसचिव डॉ श्याम पाटकार, सीएओ विजय कुमार पुंज,शैलेश रघुवंशी समेत आदि उपस्थित रहे।

**मेट्रो एंकर**

### शिक्षकों व बच्चों को रेवड़ी का प्रसाद वितरित किया

# साधु वासवानी स्कूल में मनी संक्रांति पर्व के संदेश बच्चों को समझाए गेहानी ने

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल में मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया। शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने पर्व के महत्व और विधान को रखा। पर्व की मिठाई रेवड़ी प्रसाद में दी गई। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि यह संक्रांति का पर्व हमें तिल व गुड़ जिस तरह संगठित होकर लड्डू बनते हैं, उसी तरह राष्ट्र को भी संगठित करने का संदेश देता है। पर्व पर उड़ने वाली पतंगें हम से कहती हैं, जीवन में लक्ष्य इतना बड़ा रखें की आसमान में उड़ सकें जिस तरह एक पतंग आसमान में उड़कर ऊंचाइयों को छूती हैं, उसी तरह विद्यार्थी को पड़ाई में ऊंचाइयां हासिल करने करें। प्राचार्या सुतापा जॉयसवाल व उप प्राचार्या स्वाति कलवानी ने कहा कि मकर संक्राति के दिन दान करने से सुख समृद्धि आती है इस दिन सूर्य की पूजा और तिल दान करना कल्याणकारी और मोक्षदायी माना गया है। आज के दिन हमें यह संकल्प लेना है कि जिस प्रकार तिल व गुड़ संगठित होते हैं उसी प्रकार हम भी मिल-जुलकर रहेंगे ताकि हमें बाहरी लोग तोड़ न सकें साथ ही भाउ जी का आर्शीवाद हम पर व हमारे बच्चों पर बना रहें ।

विद्यालय की छात्रा कंचन और प्रियंका थदानी ने कहा कि मकर संक्रांति के अवसर पर लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान से निवृत्त होकर सूर्य को अर्द्ध प्रदान कर तिल दान करते हैं। भगवान सूर्य प्रत्येक 30 दिनों के पश्चात एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करते हैं इस प्रकार सूर्य 12 राशियों में प्रवेश करते हैं इसलिए 12 संक्रातियां मानी जाती है। कोमल द्वारा मकर संक्राति पर कविता 'गुड डलियों की मिठास में फिर संपूर्ण देश है' प्रस्तुत की गई।



इस अवसर पर दीपा आहूजा, रेनू बालचंदानी, मीना शर्मा याशिका वरंदानी, पूनम वाधवानी, महक रामनानी आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों व बच्चों को रेवड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। संचालन भावना कलवानी द्वारा किया गया।

# पुलिस आई कैंप: 64 में 26 की आंखें कमजोर मिलीं



## सेवासदन नेत्र चिकित्सालय ने लगाया शिविर

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

हिरदाराम नगर. सेवासदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा बुधवार को हबीबगंज और अजाक थाना में सेवारत पुलिस कर्मचारियों और उनके परिजनों के दृष्टिदोष एवं नेत्र रोग परीक्षण के लिये एक शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 64 व्यक्तियों की आंखों की जांच की गई। दो लोगों को मोतियाबिंद तथा 26 व्यक्तियों की दृष्टि कमजोर होने पर चश्में दिए गए। सात लोगों को सेवासदन नेत्र चिकित्सालय में आंखों की जांच/उपचार करवाने की सलाह दी गई । शिविर में एसीपी अजय तिवारी, अजाक थाने के टी.आई. के.जी. शुक्ला और उपनिरीक्षक सत्यप्रकाश विश्वकर्मा, हबीबगंज थाना के निरीक्षक अजय कुमार सोनी और उप निरीक्षक शिवेन्द्र पाठक, सेवासदन के ट्रस्टी हीरो ज्ञानचंदानी, समाजसेवी डॉ. एम.डी. भगतानी, ऑप्टोमेट्रिस्ट अजय सिंह ठाकुर और अभय कुशवाह उपस्थित थे।


Government of Madhya Pradesh
MPIDC
MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
MSME
MPSeDC
इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
अनंत संभावनाएँ
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
24 25 फरवरी 2025, भोपाल
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव
शहडोल
अपार संभावनाओं की भूमि
16 जनवरी, 2025 I पूर्वाह्न 11:00 बजे
यूनिवर्सिटी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, आर.जी.पी.वी., शहडोल
शुभारंभ
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
द्वारा
प्रमुख आकर्षण
4000+ प्रतिभागी
मुख्यमंत्री के साथ वन-टू-वन मीटिंग
3 सेक्टर आधारित सत्र
प्रदर्शनी
फोकस सेक्टर
खनन एवं खनिज | ऊर्जा | कृषि एवं उद्यानिकी | पर्यटन एवं हस्तशिल्प
D11159/24
Website: invest.mp.gov.in
#RICShahdol
सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
INDUSTRY PARTNER CII Confederation of Indian Industry
INDUSTRY PARTNER EY Shape the future with confidence
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

## संपादकीय

# गठबंधन में दरारें

पिछले करीब डेढ़ साल से विपक्षी गठबंधन और ताकत को संजोकर सत्तारूढ दल भाजपा को चुनावी पटकनी देने का जो उपक्रम बना था वह अब बिखर गया है। भले ही इसका तकनीकी तौर पर कोई ऐलान नहीं हुआ है लेकिन दिल्ली के चुनाव ने इस मतभिन्नता को उघाड़कर रख दिया है। अब शिवसेना प्रवक्ता संजय राउत के ताजा बयान ने इंडिया ब्लॉक में चल रही उथल-पुथल की चर्चा को तेज कर दिया है। ऐसे ही बयान अन्य नेताओं और दलों की ओर से भी आए हैं। स्वाभाविक ही सवाल उठ रहे हैं कि क्या विपक्षी गठबंधन किसी बड़े संकट की ओर बढ़ रहा है। इससे पहले जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री और नैशनल कॉन्फ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला भी कह चुके हैं कि अगर विपक्षी गठबंधन लोकसभा चुनावों तक के लिए ही सीमित था तो इसे अब भंग कर देना चाहिए । यही नहीं, तृणमूल कांग्रेस चीफ ममता बनर्जी और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव भी साफ-साफ कह चुके हैं कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में वे कांग्रेस का नहीं आम आदमी पार्टी का समर्थन करते हैं। शिवसेना भी ऐसी घोषणा कर चुकी है। पहली नजर में इसे ब्लॉक में आपसी फूट का लक्षण माना जा सकता है। लेकिन गौर करें तो यह इस ब्लॉक से जुड़े दलों का राजनीतिक अंतर्विरोध ज्यादा है। यह अंतर्विरोध शुरू से इस ब्लॉक में रहा है। इसी अंतर्विरोध के चलते विभिन्न राज्यों के चुनावों के वक्त सीटों का बंटवारा जटिल सवाल बनता है। इसी अंतर्विरोध के चलते हरियाणा में आम आदमी पार्टी इस आरोप के बावजूद चुनाव लड़ती है कि उसे मिलने वाले वोट भाजपा की जीत की संभावना को मजबूती देंगे। इस बार दिल्ली में कांग्रेस के पूरी मजबूती से चुनाव लड़ने का फैसला भी इसी अंतर्विरोध को दर्शाता है।

ऐसे में आप के साथ मिलकर ये क्षेत्रीय दल अगर कांग्रेस पर इस बात के लिए दबाव बनाना चाहते हैं कि वह भाजपा की जीत को आसान न बनाए तो यह स्वाभाविक है। लेकिन इसे अभी से इंडिया ब्लॉक के विखंडन का अनिवार्य संकेत मान लेना जल्दबाजी हो सकता है। अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो ये मुद्दे गंभीर मतभेद का रूप ले सकते हैं। निश्चित रूप से बेहतर तालमेल की जरूरत है। लेकिन तालमेल के नाम पर विपक्षी दल लगभग एक सुर में जो बात बोलते हैं वह दिलचस्प है। यह सभी क्षेत्रीय दल हैं और वे कांग्रेस को तालमेल बिगाडने का दोषी ठहराते हैं और अपेक्षा करते हैं कि कांग्रेस यह जिम्मेदारी निभाए। मगर आलम यह है कि लोकसभा चुनाव में ही ममता बनर्जी अपनी पार्टी के आगे बंगाल में कांग्रेस को घास नहीं डालतीं और उप्र के विस उपचुनावों में अखिलेश यादव अलग रुख अपना लेते हैं। हरियाणा में विस चुनाव में केजरीवाल अपनी पार्टी के सभी उम्मीदवार मैदान में उतार देते हैं और कांग्रेस के सत्ता में लौटने का पूरा गणित बिगाड देते हैं, फिर अपेक्षा की जाती है कि कांग्रेस दिल्ली में अकेले न लड़े ! इसीलिए अब यह सवाल बिहार में ज्यादा सुर्ख होगा, जहां भाजपा व नीतीश गठबंधन के सामने कांग्रेस और राजद गठबंधन होता है या नहीं। क्योंकि लालू यादव कुछ समय पहले ही इंडिया ब्लाक की कमान ममता बनर्जी को देने की बात कह चुके हैं। यानि हर क्षेत्रीय दल अपने इलाके में कांग्रेस को जगह नहीं देना चाहता और खुद के लिए पूरी जगह चाहता है, हालांकि ऐसा भी नहीं कि कांग्रेस की गलतियां नहीं हैं लेकिन एक राष्ट्रीय दल को खुद को इन तमाम कठिनाईयों को खुद हल करना होगा। उसे तय करना होगा कि आगामी सभी चुनाव खुद के बूते लड़ेगी या गठबंधन के साथ।

**मनुष्य जैसा सोचता है वैसा बन जाता है**
**- स्वामी विवेकानंद**

## आज का इतिहास

- 1556- फिलिप द्वितीय स्पेन के सम्राट बने।
- 1681- शिवाजी के पुत्र संभाजी का रायगढ़ के किले में राज्याभिषेक।
- 1761- अंग्रेजों ने पांडुचेरी से फ्रांसिसियों का अधिकार छीना।
- 1943- इंडोनेशिया के अंबोन द्वीप पर अमेरिकी वायुसेना का पहला हवाई हमला।
- 1955- पुणे में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी का औपचारिक उद्घाटन।
- 1969- सोवियत अंतरिक्ष यानों 'सोयुज 4' और 'सोयुज 5' के बीच पहली बार अंतरिक्ष में सदस्यों का आदान-प्रदान हुआ।
- 1991- पहला खाड़ी युद्ध (अमेरिका की इराक के खिलाफ सैन्य कार्रवाई) शुरू।
- 1992- भारत एवं ब्रिटेन के बीच प्रत्यर्पण संधि।
- 1996- हब्बल अंतरिक्ष दूरबीन के वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में 100 से अधिक नयी आकाशगंगा को खोज निकालने का दावा किया।
- 1989- सोवियत संघ ने मंगल ग्रह के लिए दो साल के मानव अभियान की अपनी योजना की घोषणा की।
- 2000- चीन सरकार ने दो वर्षीय तिब्बती बालक को साकार बुद्ध के पुरावतार के रूप में मान्यता दी।
- 2003- भारतीय मूल की कल्पना चावला दूसरी अंतरिक्ष यात्रा पर रवाना।
- 2006- समाजवादी नेता मिशेल बैशलेट चिली की प्रथम महिला राष्ट्रपति चुनी गयीं।
- 1946- कबीर बेदी- हिंदी फिल्मों के जाने-माने अभिनेता का जन्म दिवस।

11927- कामिनी कौशल-हिंदी फिल्मों की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री तथा टीवी कलाकार का जन्म दिवस।

- 1926- ओ. पी. नैय्यर- सुप्रसिद्ध संगीतकार का जन्म दिवस।
- 1630- गुरु हरराय-सिक्खों के सातवें गुरु का जन्म दिन।

## निशाना

**बदला बदला रुप है !**



-कृष्णेन्द्र राय

**बदल गए अचानक**
**ज्ञान रहे हैं बांट ।।**
**बदला बदला रुप है ।**
**बंद हो गई ठाट ?**
**लगते कभी कूदने ।**
**और कभी खामोश ।।**
**है किसकी रणनीति ?**
**कहें किसका दोष ।।**
**ये कैसा व्यवहार ।**
**करने को उद्धार ।।**
**लगता चल कर इसी राह ।**
**है आनी बहार ?**
**किया कभी अपमान ।**
**कभी करते प्यार ।।**
**कर सकते प्रवेश ।**
**शायद नए द्वार ।।**

# बड़े लक्ष्यों के लिए सुधारों की पहल

**■ डॉ. लक्ष्मी शंकर यादव**



पंद्रह जनवरी, 1949 को सेना प्रमुख के तौर पर एक भारतीय नागरिक लेफ्टिनेंट जनरल के.एम. करियप्पा को तत्कालीन ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ जनरल सर फ्रांसिस बूचर से सेना की आधिकारिक कमान सौंप दी गई थी। इसके अगले वर्ष 1950 से 15 जनवरी को देश में सेना दिवस मनाए जाने की परंपरा की शुरुआत हुई। भारतीय सेना ने देश को अखंड भारत बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। तबसे भारतीय सेना की ताकत में भी लगातार वृद्धि की जा रही है।

चीन से चल रहे तनाव को देखते हुए अब चीन सीमा के निकट भारतीय सेना पूरे वर्ष जवाब देने के लिए तैयार रहती है। भारत-चीन सीमा विवाद के चलते सेना की ताकत में इजाफा करना जरूरी है। इसीलिए सेना ने पर्यावरण मंत्रालय से गोला-बारूद और सैन्य उपकरणों के भंडारण की अनुमति मांगी थी। इसके लिए अभी हाल ही में पर्यावरण मंत्री की अध्यक्षता में एक बैठक हुई थी, जिसमें राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड ने सेना के प्रस्ताव पर विचार करते हुए 'हानले' और 'फोटी ला' के पास गोला-बारूद भंडारण सुविधा की स्थापना किए जाने की अनुमति प्रदान कर दी। इसके अलावा सैन्य उपकरणों के भंडारण के लिए भूमिगत गुफाएं बनाने की स्वीकृति दे दी। यही नहीं, लुकुंग में मजबूत सैन्य उपस्थिति किए जाने का प्रस्ताव पेश किया गया।

यह बुनियादी ढांचा चांगथांग उच्च ऊंचाई वाले शीत मरुस्थल के वन्यजीव अभयारण्य और कराकोरम नुब्रा श्योक वन्यजीव अभयारण्य में विकसित किया जाएगा। इस निर्माण का उद्देश्य गोला-बारूद की आपूर्ति में तेजी लाना है, जिससे युद्ध की स्थिति में संचालनगत तैयारी को बिना विलंब के सुनिश्चित किया जा सके। रक्षा अवसंरचना के लिए निर्धारित स्थान संरक्षित क्षेत्रों की श्रेणी में आते हैं। इस कारण वे वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 29 के अधीन हो जाते हैं। इसीलिए रक्षा मंत्रालय को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि इस क्षेत्र को कोई नुकसान न पहुंचे।

यह ऐसा क्षेत्र है जहां सेना की कुछ इकाइयां तैनात हैं। फोटी ला, कोयुल, पुंगुक और हानले आदि अग्रिम क्षेत्रों में सैन्य तैनाती है। फोटी ला अधिक ऊंचाई वाले पर्वतीय दर्रों में से एक है। यह हानले से तकरीबन 30 किलोमीटर दूरी पर है और डेमचोक का मार्ग भी है। अभी फोटी ला से 300 किलोमीटर और हानले से 250 किलोमीटर दूरी पर अस्थायी रूप से गोला-बारूद एकत्र किया जाता है। इसलिए आपूर्ति में देरी होती है और संचालनात्मक प्रक्रिया में विलंब होता है।

भारतीय सेना को अब अत्याधुनिक बनाने के लिए चालू वर्ष 2025 में लागू किए जाने वाले सुधारों का खाका तैयार कर लिया गया है। अब भारतीय सेना कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग के माध्यम से स्वदेशी सामानों का उपयोग तथा रक्षा कूटनीति को बढ़ावा देने पर ध्यान देगी। इसके लिए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सेना के लिए वर्ष 2025 को 'सुधारों का वर्ष' घोषित किया है। यह कार्य सेना के लिए अधिक चुस्त, तकनीकी रूप से उन्नत और युद्ध के लिए तैयार रहने के हेतु एक नए बदलाव का संकेत है। नए सुधारों के लिए सेना का व्यापक दृष्टिकोण पांच प्रमुख स्तंभों पर आधारित होगा। ये स्तंभ संयुक्तता व एकीकरण, सुरक्षा बलों का पुनर्गठन, सैन्य आधुनिकीकरण व प्रौद्योगिकी, संचार प्रणाली व प्रक्रियाएं तथा मानव संसाधन प्रबंधन हैं। विदित हो कि सेना ने इससे पहले वर्ष 2023 को 'परिवर्तन का वर्ष' एवं वर्ष 2024-25 को 'प्रौद्योगिकी अपनाने का वर्ष' घोषित किया था।

भारतीय सेना की असॉल्ट राइफल की कमी दूर करने के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने स्वदेशी असॉल्ट राइफल 'उग्रम' को तैयार कर दिया है। इसे मात्र 100 दिनों में ही डीआरडीओ ने तैयार किया है। यह शत्रु को 500 मीटर की दूरी से मार गिराएगी। इसका वजन चार किलोग्राम है। इसमें 20 राउंड गोलियों की मैगजीन को लोड किया जा सकता है। यह सिंगल और फुल ऑटो मोड में फायर कर सकती है। यह 7.62 मिमी कैलिबर वाली राइफल है। तभी दिसंबर, 2023 में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने इसी कैलिबर की यूएस निर्मित 70,000 असॉल्ट राइफलों की खरीद को मंजूरी प्रदान की है। इस राइफल को सेना, अर्धसैनिक बलों और राज्यों की पुलिस इकाइयों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

भारतीय सेना की तोपखाना रेजीमेंट में महिला अधिकारियों को शामिल किए जाने का निर्णय लिया जा चुका है। इस रेजीमेंट में विभिन्न कैलिबर की बंदूकें, सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, मोर्टार और मानव रहित हवाई प्लेटफॉर्म शामिल हैं। विदित हो कि सेना की रेजीमेंट और कोर को आर्म्स और सर्विसेज में बांटा गया है। आर्म्स में इन्फैन्ट्री, आर्मर्ड कोर, तोपखाना, इंजीनियर्स, आर्मी एयर डिफेंस, आर्मी एविएशन कॉर्प्स, और मिलिटरी इंटेलिजेंस शामिल हैं। सरकार के इस निर्णय से महिलाएं लगभग सभी सैन्य विभागों में सेवाएं देंगी।

लद्दाख क्षेत्र में सीमा पर टैंक व सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की तैनाती कर दी गई है। सेना की आपूर्ति व्यवस्था में कोई परेशानी न आए, इसके लिए सीमा पर बिछाई गई सड़कों के जाल ने स्थिति को बेहतर बना दिया है। सैन्य ताकत के रूप में भारतीय थल सेना में इस समय 14 लाख सक्रिय सैनिक हैं। इसके अलावा 3565 युद्धक टैंक, लड़ाई में प्रयोग आने वाले वाहन 3100, आर्म्ड पर्सनल कैरियर्स 336 तथा आर्टिलरी गन 9729 हैं। इसके अतिरिक्त सेना के पास परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अनेक प्रकार की मिसाइलें हैं।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# चुनावी जीत की नई इबारत लिखती महिला मतदाता

**■ ललित गर्ग**

चुनावों में विभिन्न राजनीतिक दल महिलाओं को लुभाने के लिये आकर्षक कल्याणकारी योजनाओं एवं मुफ्त की सुविधाएं देने की बढ़-चढ़ कर घोषणाएं करने लगे हैं। महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाई गई कल्याणकारी योजनाएं एवं मुफ्त की सुविधाएं अब गेमचेंजर बन रही हैं। महिलाओं के खाते में सीधे नगद ट्रांसफर की जाने वाली स्कीम तो भारत की राजनीति में वोट बटोरने का एक जांचा-परखा एवं सशक्त माध्यम बन गया है। यूं तो लम्बे समय से महिलाओं को लेकर तरह-तरह की घोषणाएं होती रही है लेकिन मध्य प्रदेश में इस योजना की कामयाबी के बाद यही कहानी महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखण्ड में दोहरायी गयी है। जिससे चुनावों में लगातार महिला मतदाताओं का उत्साह बढ़ता जा रहा है और किसी की दल की जीत हार में उसकी भूमिका भी स्पष्ट होती जा रही है। इसी विषय को लेकर एसबीआई रिसर्च रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि महिला केंद्रित योजनाओं के कारण इन महिला मतदाताओं की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ है। भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक 2014 में कुल मतदाता 83.4 करोड़ थे, जो 2024 में बढ़कर 97.8 करोड़ हो गये हैं। इसमें महिला मतदाता की संख्या सबसे ज्यादा बढ़ी है। एसबीआई रिसर्च टीम की रिपोर्ट के मुताबिक देश में अब 100 पुरुष मतदाताओं पर 95 महिला मतदाता की संख्या है। पिछले दस वर्षों में जिन नौ करोड़ नये वोटरों ने वोट दिया, उसमें महिलाओं की हिस्सेदारी 5.3 करोड़ है। महिलाओं का मतदान के प्रति बढ़ता रूझान लोकतंत्र की मजबूती के लिये एक शुभ संकेत है।

नये अध्ययन से यह भी खुलासा हुआ है कि महिला साक्षरता में वृद्धि हुई है जिसका सीधा असर महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ने से है। महिला साक्षरता में एक फीसदी की वृद्धि से महिला मतदाताओं की संख्या में पच्चीस फीसदी तक का इजाफा हो सकता है। दिलचस्प पहलू यह भी कि एससी और एसटी वर्ग में मतदान में लगातार इजाफा हुआ, वहीं सामान्य वर्ग में कम हुआ। अब सरकारें बनाने में महिला मतदाताओं की भूमिका लगातार बढ़ती एवं निर्णायक होती जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीन बार के शासनकाल में विकास पर जोर देने के साथ-साथ महिला उत्थान पर भी बहुत ज्यादा ध्यान दिया। महिलाओं को हर क्षेत्र में प्रोत्साहन मिल रहा है, स्वतंत्र पहचान मिल रही है और वे राजनीति के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा, क्षमता एवं कौशल का लोहा मनवा रही है। मोदी सरकार ने 27 साल से भी ज्यादा इंतजार के बाद पहली बार महिला आरक्षण बिल लोकसभा और राज्यसभा दोनों से पारित कराया। इस बीच मोदी सरकार ने महिलाओं को लेकर बनाई गई योजनाओं का नाम भी ऐसे रखा, जो सीधे महिलाओं के दिल को छू रही है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के जरिए महिलाओं को गैस सिलिंडर देना, जनधन योजना के तहत खाता खुलवाना, मुस्लिम महिलाओं को लेकर तीन तलाक को कानूनी रूप से खत्म करना जैसे विधेयक ने जहां प्रधानमंत्री मोदी के कद को बढ़ाया वही महिलाओं की राजनीति में सक्रियता एवं मतदान में अधिक हिस्सेदारी को नये पंख दिये हैं। इन योजनाओं से 20 करोड़ से भी ज्यादा महिलाओं, 5 करोड़ से ज्यादा स्कूलों छात्राओं और 11 करोड़ से ज्यादा कामकाजी महिलाओं को लाभ पहुंचा है।



अब महिलाएं राजनीति एवं राजनेताओं के वजूद को बनाने में महत्वपूर्ण हो गयी है। मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र व झारखंड में सत्तारूढ़ दलों की चुनावों के बाद फिर वापसी में महिला मतदाताओं की भूमिका निर्णायक रही। मध्यप्रदेश में लाडली बहन, महाराष्ट्र में माझी लाडकी बहिन व झारखंड में मंईयां सम्मान योजना इसके उदाहरण हैं। इसी तरह पश्चिम बंगाल में लक्ष्मी भंडार, कर्नाटक में गृहलक्ष्मी, ओडिशा में शुभद्रा योजना तथा असम में मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता योजना सामने आई है। यह होड़ आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों में भी नजर आ रही है। एक ओर जहां आप सरकार ने महिला वोटरों के लिये महिला सम्मान योजना के तहत 2100 रुपये देने का वायदा किया, वहीं कांग्रेस ढाई हजार रुपये देने की योजना बना रही है। इस दिशा में भाजपा भी गंभीर है। दरअसल, दिल्ली में महिला वोटरों का प्रतिशत पुरुष वोटरों के पास पहुंच गया है। कहा जाता है कि साल 2020 के चुनावों में महिला मतदान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लेकिन जरूरत इस बात की है कि महिलाओं से जुड़ी योजनाएं एवं उन्हें दी जाने वाली मुफ्त सुविधाएं सत्ता प्राप्ति या वोट हासिल करने का स्वार्थी हथियार न होकर स्थायी प्रभाव व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का जरिया हो।

उल्लेखनीय तथ्य है कि जब किसी राज्य में महिलाओं का विकास हुआ है तो वे अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति अधिक सजग हुई हैं। उन्हें सरकारों की मुफ्त की स्कीमें भी खूब लुभा रही हैं। एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट बताती है कि महिला केंद्रित योजना लागू करने वाले राज्यों की संख्या 19 हो गई है। जिसमें महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, असम व कर्नाटक जैसे राज्य अग्रणी हैं। इन राज्यों में औसतन 7.8 लाख (कुल 1.5 करोड़) महिला वोटरों की संख्या में इजाफा हुआ है। केन्द्र एवं राज्यों की महिला कल्याणकारी योजनाओं के कारण महिला मतदान बढ़ा है, जिनमें 45 लाख महिलाएं साक्षरता में वृद्धि के कारण मतदाता बनी हैं, 36 लाख महिलाएं रोजगार और मुद्रा योजना की वजह से मतदान किया है, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर का मालिक बनने के कारण 20 लाख महिलाएं मतदान के लिए गई थी और वहीं 21 लाख महिलाएं स्वच्छता, बिजली और पानी की पहुंच में सुधार के कारण मतदान के लिये अग्रसर हुई।

चुनाव के दौरान नेताओं एवं राजनीतिक दलों के द्वारा किए गए मुफ्त सुविधाओं के वादों को केवल राजनीतिक दृष्टि से ही नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसके आर्थिक पक्ष पर भी विचार किया जाना चाहिए। पंजाब में महिलाओं को एक हजार रुपये देने के आम आदमी पार्टी की घोषणा के बावजूद यह राशि न देना महिलाओं को ठगना है, उनके सम्मान को आघात लगाना है। अगर इन वादो के लिए राज्य के पास अपर्याप्त धन और सीमित संसाधन हैं तो ऐसे वादो से बचना चाहिए। राज्यों द्वारा चुनावी फायेद के लिए की गई मुफ्त सुविधाओं की घोषणा के लिए राजस्व जुटाना मुश्किल हो जाता है। मुफ्त की योजनाओं से राज्य का आर्थिक ढांचा कमजोर हो सकता है क्योंकि दी जाने वाली सब्सिडी का राज्य की वित्तीय स्थिति पर प्रभाव पड़ेगा। अगर कोई सत्ताधारी दल, राजनीतिक लाभ के लिये सरकारी पैसे को मुफ्तखोरी पर खर्च करते हैं, तो इससे राज्य का वित्तिय ढांचा बिगड़ सकता है। राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव के दौरान सार्वजनिक धन से मुफ्तखोरी और तर्कहीन वादे करना स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए भी खतरा पैदा कर सकते हैं। मुफ्तखोरी की घोषणाएं स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की धारणा के खिलाफ है क्योंकि जाहिर तौर पर हर राजनीतिक दल की सार्वजनिक धन तक पहुंच नहीं होगी। मुफ्त के वादे को लेकर राजनीतिक विश्लेषकों का यह भी सवाल है कि यह प्रथा कैसे नैतिक है क्योंकि यह मतदाताओं को लुभाने के लिए एक तरह से रिश्वत देने के समान है। जानकारों का मानना है कि श्रीलंका के आर्थिक पतन का कारण वहां के राजनीतिक दलो द्वारा दिए गए मुफ्त उपहार रहे हैं। हालांकि गरीबों की मदद के लिए चिकित्सा, शिक्षा, पानी और बिजली जैसी आधारभूत जरुरतों और कुछ कल्याणकारी योजनाओं के लिए धन के व्यय को जायज ठहराया जा सकता है। इसी तरह महिलाओं के लिये कुछ योजनाएं रोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दृष्टि से उपयोगी हो सकती है।

लेकिन इन योजनाओं को वोट हथियाने का माध्यम बनाना लोकतंत्र के लिये शुभ नहीं है। केवल सत्ता प्राप्ति के लिए मुफ्त की राजनीति का खेल न खेलकर हमें स्वस्थ लोकतंत्र एवं उज्ज्वल चरित्र को बढ़ावा देना चाहिए। वोट पाने की खातिर लोकतंत्र की आत्मा को नष्ट नहीं किया जाना चाहिए।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# श्री भूमि प्रगट शारदा माता के दरबार के भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

तेंदूखेड़ा!, दोपहर मेट्रो



मंगलवार को भगवान सूर्य की आराधना का पर्व मकर संक्रांति हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सुबह कड़कड़ाती ठंड में श्रद्धालुओं ने नदियों में आस्था की डुबकी लगाई इसके साथ ही मंदिरों में पूजा पाठ भंडारे का दौर चालू हो गया मंगलवार को कटनी बरगंवा में प्रसिद्ध मां भूमि प्रगट शारदा माता मंदिर में दर्शन करने भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी मां शारदा के दरवार में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पूजा अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की दरअसल बरगवां में स्थित श्री भूमि प्रगट शारदा माता के मंदिर में सीमित के सदस्यों द्वारा मकर संक्रांति पर रामायण भजन कीर्तन का आयोजन किया गया था जहां दोपहर एक बजे से धार्मिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई दोपहर करीब तीन बजे से पूजन अर्चन के बाद हजारों भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया जहां भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए बड़ी संख्या में दूरदराज व आसपास के श्रद्धालु पहुंचे शाम 6 बजे मां शारदा का विशेष श्रृंगार किया गया साथ ही महाआरती के बाद कार्यक्रम का समापन किया।

# एनसीसी का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न, 191 कैडेट्स से लिया हिस्सा

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो



15 जनवरी को 13 एम. पी. बटालियन एन. सी. सी. के 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। 10 दिवसीय प्रशिक्षण में 191 बालिका एवं बालक कैडेट्स को विभिन्न सैन्य गतिविधि की जानकारी विस्तृत रूप से दी गई। यह शिविर 6 जनवरी से 15 जनवरी तक रहा कैडेट्स को स्वास्थ्य पर ध्यान देने हेतु डॉक्टर दिव्या शर्मा, मानस दुबे द्वारा गेस्ट लेक्चर लिया गया । शिविर के चलते 12 जनवरी युवा दिवस के उपलक्ष्य में गुरुकुल के आचार्य द्वारा योगा कराया गया । शिविर में प्रत्येक दिवस प्रात 5ः00 बजे से पी. टी. ड्रिल एवं एफ. सी.बी.सी, एम.आर, डब्ल्यू टी, हथियार प्रशिक्षण एवं फायरिंग भी कराई गई। फ्लैग एरिया व गार्ड ऑफओनर तथा बिर्फिंग निरिक्षण किया गया एवं खेल गतिविधियों में फुटबॉल वॉलीबॉल रास्सा खींच एवं टी. ओ. देव कुमार द्वारा तैयार कराई गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुतियों का मंचन कराया गया। अंत में सभी विजयी कैडेट्स को प्रमाण पत्र वेंडलों से कैंप कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल अमरदीप सिंह छतवाल द्वारा वितरित किए गए। एन. सी.सी शिविर में लेफ्टिनेंट खुशाल देवघरे , 4 एम. पी. बटालियन से लेफ्टिनेंट रचना उपस्थित रहे। टी.ओ. देव कुमार एवं सुवेदार मैजर राजवीर सिंह द्वारा कक्षाओं का सुचारू ढंग से संचालन कराया गया । ट्रेनिंग जे. सी. ओ. सुवेदार मौहर सिंह एवं कैडेट्स सीनियर गुरवेश उईके एवं अनुष्का शर्मा की महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

## तेन्दूखेड़ा प्रीमियर लीग-2025

# अमित टेंट, राजा सुपर किंग्स पारसमणि किंग्स ने जीता मैच

तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो



तेन्दूखेड़ा प्रीमियर लीग-2025 (टीपीएल) क्रिकेट नाईट टूर्नामेंट के नौवें दिन उत्कृष्ट विघालय मैदान में तीन लीग मैच खेले गए। पहला मैच अमित टेंट किक्रेट क्लब एवं सिद्ध ज्वेलर्स के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए अमित टेंट की टीम ने 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 87 रन बनाएं। जबाव में उतरी सिद्ध ज्वेलर्स की टीम ने 5 विकेट गंवाकर 71 रन ही बना पाई। अखिलेष ठाकुर ने 12 गेदों में शानदार 37 रन बनाकर मैन आफ द मैच अपने नाम किया जिन्हें पुरूस्कार एवं नगद राषि मैच के राज्यमंत्री धमेंद्र सिंह के भाई नितेंद्र सिंह एवं सांसद प्रतिनिधी मूरत सिंह लोधी के द्वारा प्रदान की गई।

इसके अलावा दूसरा मैच राजा सुपर किंग्स एवं अंजनी परिसर के बीच खेला गया। जिसमें राजा सुपर किंग्स ने 10 ओवर में 7 विकेट खोकर 100 रन बनाएं तो लक्ष्य का पीछा करने उतरी अंजनी परिसर की टीम महज 7.1 ओवर में 52 बनाकर आलआउट हो गई। लकी पठान ने 4 विकेट लेकर मैन आफ द मैच का खिताब जीता। तीसरा मैच पारसमणि किंग्स एवं नगर परिषद के बीच खेला गया। जिसमें पारसमणि किंग्स की टीम 10 ओवर में 7 विकेट खोकर 96 रन बनाएं जबाव में उतरी नगर परिषद की टीम 10 ओवर में 43 रन ही बना पाई। सौरभ केवट ने 12 गेदों पर 31 रन बनाएं एवं 2 विकेट लेकर मैन आफ द मैच का खिताब जीता। अंपायर स्वेदष नेमा, शैलेंद्र यादव, नितिन जैन, नीतेष बेन रहे। स्कोरर अभिनंदन दुबे, युवराज परिहार रहे एवं मैच का आंखो देखा हाल चेतन जैन, अभिषेक मोदी, साहिद अली, बबलू घोषी, दीपक कटारे के द्वारा सुनाया गया। सत्यम जैन, राजीव जैन, सतेंद्र जैन, राहुल ठाकुर, हर्ष राजपूत, निखिल सिंह, श्रेयांस जैन, जीत यादव, सारांष यादव, उमेष यादव, सौरभ सिंह, लक्ष्मण यादव, अंषुल केवट, रवि दीवान जिनके द्वारा टूर्नामेंट की व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

## खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर हुआ शुभारंभ , हरदा और नर्मदापुरम के बीच हुआ पहला मुकाबला



**नर्मदापुरम.** संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के मान सेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित की जा रही स्वर्गीय एल टी सुब्बू मेमोरियल अंडर 22 इंटर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला मैच नर्मदापुरम एवं हरदा के मध्य प्रारंभ हुआ। जिसमें हरदा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और पहले बल्लेबाजी करते हुए 281 रन पर ऑल आउट हुई। हरदा टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए अक्षत सिंह सोलंकी ने सर्वाधिक 68 रन, ध्रुव चौरे ने 63 रन एवं वंश राज जाट ने 48 रन का योगदान दिया। नर्मदापुरम टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रियव्रत पटेल ने 2 विकेट , अभिनव काजले 2 विकेट , निष्कर्ष तैलंग 2 विकेट, विधान दुबे लव दुबे ने एक-एक विकेट का योगदान दिया। नर्मदापुरम अपनी पारी की शुरुआत प्रातः करेगी। मैच से पूर्व प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष कपिल फौजदार ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अनुराग मिश्रा, राजेश चौरे, संजय नाफड़े, मनोहर बिल्थरिया, विजय वर्मा , कोच सुनील शर्मा सहित मैच के अंपायर विष्णु प्रसाद बोरासी, फजल खान एवं एनडीसीए के सभी सदस्य मौजूद रहे। मैच से पूर्व मुख्य अतिथि, एन डी सी ए के समस्त पदाधिकारी एवं दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने वरिष्ठ क्रिकेटर माधव हर्ने के पिताजी स्वर्गीय प्रोफेसर अरविंद हर्ने के निधन पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मौसम विभाग की वर्ष गांठ मनाई

**नर्मदापुरम।** भारतीय मौसम विभाग की 150 वी वर्षगांठ के अवसर पर मौसम विभाग नर्मदापुरम में उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा (मौसम विभाग दिल्ली के माडपंम से) मौसम विभाग को सम्बोधित करते हुए मौसम मिशन का शुभारम्भ किया गया। जिसका सीधा प्रशारण एलसीडी के माद्यम से किया गया तथा आयोजित चित्रकला में भाग लेने वाले विधार्थी में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वालों को पुरष्कार प्रदान किया गया। इसके अलावा उपस्थित छात्रों को मौसम विभाग नर्मदापुरम में लगे इंस्ट्रूमेंट की जानकरी दी गयी।



## ईनामी पतंग प्रतियोगिता आयोजित



**सिवनी मालवा।** सिवनी मालवा में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर नगर के समाज सेवी सेठ मांगीलाल पालीवाल की स्मृति में इनामी पतंग प्रतियोगिता का योजना खरार रोड के ग्राउंड पर किया गया। इस प्रतियोगिता में सिवनी मालवा नगर के 26 लोगों ने भाग लिया। और जमकर पतंग उड़ने में उत्साह के साथ प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम पुरस्कार भोलू कुचबंदिया को 3100 रूपये दूसरा पुरस्कार मुशर्रफ कुरैशी को 2100 रुपए तीसरा पुरस्कार मयूर रघुवंशी 1100 रुपए का चौथा पुरस्कार शिवम गोहर को 700 रुपए एवं पंचम पुरस्कार सोहन और आरिफ को नगद राशि और शील्ड के साथ दिया गया। इस दौरान नगर के बुद्धिजीवी और पत्रकार लोग उपस्थित थे। इस दौरान नगर के वरिष्ठ पत्रकार और समाजसेवी विजय सिंह ठाकुर,संतोष सिंह चंदेल,दीपक पालीवाल, हार्षिद शर्मा, नरेंद्र गोलू सोनी,यश राजपूत,राममूर्ति राघुवंशी, अनिल पाटीदार,अंकित मालवीय, बल्लू यादव,अनुराग पवांर, दिव्या पालीवाल, साईं सोनी,रुद्र सोनी भोला मंसूरिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति पर नर्मदा परिक्रमा वासियों को युवाओं और अधिकारिओ ने बांटे कंबल और तिल के लड्डू



सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो

मकर सक्रांति के पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी युवा राजा तिवारी द्वारा समस्त अधिकारी और अपने साथियों के साथ मिलकर नर्मदा परिक्रमा वासियों को कंबल , तिल के लड्डू , गर्म कपड़े वितरित किए गए । तिवारी ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी युवा साथियों के साथ नर्मदा किनारे बुजुर्ग जनों को कंबल सहित विभिन्न सामग्रियां बांटने जनपद सीईओ श्रुति चौधरी , थाना प्रभारी अनूप सिंह उईके के साथ हम नर्मदा तट के आंवली घाट पहुंचे जहां हमारे द्वारा घाट पर बैठने वाले बुजुर्ग जनों को कंबल , तिल के लड्डू , मिठाई , बिस्किट और गर्म कपड़े दान किए गए । जनपद सीईओ श्रुति चौधरी ने बताया कि मकर संक्रांति एक पवित्र त्योहार है इस दिन सेवा भाव से गर्म कपड़े बांटना चाहिए । इस अवसर पर थाना प्रभारी अनूप सिंह उईके जनपद सीईओ श्रुति चौधरी, राजा तिवारी, यश तिवारी , अक्षत सिंह राजपूत, हर्ष चौबे सहित विभिन्न युवा और अधिकारी मौजूद रहे ।

## वृद्ध आश्रम में लड्डुओं का किया वितरण



सिवनी मालवा वरिष्ठ नागरिक गृह में नगर के शासकीय विभागों से सेवानिवृत्त वरिष्ठ नागरिकों द्वारा मकर संक्रांति उत्सव पर वृद्ध आश्रम में निवासरत असहाय बुजुर्गों का पुष्पमाला पहना कर तिल के लड्डुओं का वितरण किया गया। नगर के अधिकांश सेवानिवृत्त वरिष्ठ जनों ने सभी बुजुर्गों का हाल-चाल पूछा एवं उनके बीच बैठकर सभी बुजुर्गों की दुख भरी कहानी सुनी संस्था की ओर से अधीक्षक द्वारा सभी बुजुर्गों का आभार व्यक्त किया गया।

## नगर में लाल मुंह के बंदरों का आतंक

# बच्चों को काटने के साथ मारते हैं तमाचे, नागरिक परेशान

तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो



नगर के ब्लांक कालोनी, कोर्ट परिसर के आसपास लाल मुंह के बंदर का आतंक मचा हुआ हैं, बुधवाार को पंचवटी मंदिर में 9 वर्ष के बालक महिपाल यादव को हाथ में काट लिया जिसे परिजन नगर के अस्पताल लाकर इलाज कराया।

इसके अलावा बंदर का आतंक यहीं नहीं रूका पीडब्ल्यूडी मैदान में खेल रहे बच्चों को काटने दौड़ा जिससे सारे बच्चे भाग गए साथ ही ब्लांक कालोनी में एक सरकारी क्वार्टर के अंदर घुस गया जिससे डर के मारे घर के सारे लोग बाहर आ गए। बंदर ने घर के खाने पीने के सामान को तितर बितर कर नुकसान करके भाग गया। इसके अलावा वार्ड 12 में मिथुन साहू की बेटी को गाल में काट दिया और गाल में तमीचा मारा साथ ही बुर्जुग महिला के कंधे पर बैठकर बंदर ने कई तमाचे मारे। इसके बाद वार्ड 12 पार्षद प्रतिनिधी दिनेष साहू ने सीएमओ को आवेदन देकर बंदर को पकड़वाने की मांग की हैं। पूर्व में भी लाल मुंह के बंदर ने कई लोगों को अपना षिकार बनाया हैं लेकिन वन विभाग लाल मुंह के बंदर को वन्यप्राणी नहीं मानते और न ही कोई कार्यवाही करते हैं। जिस कारण नगर में लाल मुंह के बंदरों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं।

नगर परिषद सीएमओ प्रेमसिंह चैहान ने कहा हैं कि हांका गेंग भेजकर बंदरों को पकड़वाते हैं और जंगल में छोड़ा जाएंगा।

**मेट्रो एंकर** प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जाएगा..

# मढ़ई में महिलाओं को दिया जा रहा है 30 दिवसीय प्रशिक्षण

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो



मढ़ई पर्यटन स्थल मे फ्रंट ऑफिस के लिए महिलाओ को मध्य प्रदेश पर्यटन एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन मे इंडियन ग्रामीण सर्विसेस (ढूलस) संस्था द्वारा महिलाओ के लिए 30 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही प्रशिक्षण के पश्चात्य महिलाओ को रोजगार से भी जोडा जाएगा। जिसके लिए अभी से ही अलग अलग नियोक्ताओं से भी संपर्क किया गया। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर सभी महिलाओ को संबंधित विषय के लिए प्रमाण पत्र दिया जाएगा एवं इंटरव्यू कराने के लिए भी तैयार किया जा रहा है। जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद से जिला पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर द्वारा ने बताया कि मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के दिशा- निर्देशानुसार महिलाओं को फ्रंट ऑफिस ट्रेड के लिए निशुल्क प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण की अवधि 30 कार्य दिवस है। प्रशिक्षण अवधि के दौरान सभी प्रशिक्षार्थियों को फ्रंट ऑफिस कार्य के प्रैक्टिकल प्रशिक्षण मढ़ई के चुनिंदा मध्यप्रदेश टूरिज्म की होटल रिसोर्ट में भेजा जाएगा। जिससे वह अपने कार्यक्षेत्र को बेहतर तरीके से सीख और समझ सकें। साथ ही महिलाओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रशिक्षार्थियों को रोजगार से भी जोड़ा जाएगा। ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर हों सकें और महिलाओं के लिए पर्यटन स्थल सुरक्षित हो वे दिल खोलकर पर्यटन स्थलों का मजा ले सकें, यह मध्यप्रदेश टूरिज्म का उद्देश्य है । वहीं आईजीएस संस्था से रोहित सोनवानी ने बताया कि महिलाओं के सुरक्षित पर्यटन परियोजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना संस्था का उद्देश्य है। लगातार पर्यटन स्थलों पर संस्था द्वारा महिलाओं को विभिन्न प्रशिक्षण आयोजित कराए जा रहे हैं।

पर्यटकों के लिए नए नए पर्यटन स्थलों को निकालने के कार्य मध्यप्रदेश पर्यटन एवं जिला प्रशासन सतत प्रयासरत है।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विदिशा में 177 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि पूजन-लोकार्पण करते हुए कहा

# मप्र में हर गरीब को पक्का मकान का संकल्प होगा पूरा

**प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया**

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि हर गरीब को पक्का मकान मिले। पूरे देश में अभी तक 4 करोड़ गरीबों को पक्के मकान दिलवाए जा चुके हैं। मध्य प्रदेश में पुराने सर्वे के अनुसार 16 लाख हितग्राहियों को पक्के मकान उपलब्ध कराने हैं, आज मध्य प्रदेश को 8.5 लाख नए आवास मिले हैं, इससे हमारा यह लक्ष्य पूरा हो जाएगा। इसके बाद पुनः सर्वे कराया जाएगा, कोई भी गरीब पक्के मकान के बिना नहीं रहेगा। मध्य प्रदेश में हर गरीब को पक्का मकान का संकल्प पूरा होगा।

मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने आज विदिशा में ष्प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नवीन लक्ष्य का आवंटन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को सांकेतिक रूप से गृह प्रवेश कराया और लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने क्षेत्र के लिए 177 करोड़ 53 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन/लोकार्पण किया। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार और विदिशा जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल उपस्थित थे।

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा एक ही ध्येय है विकास, विकास और विकास तथा हम इसकी प्राप्ति के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। आने वाले 4 वर्षों में प्रदेश के बजट को दोगुना कर दिया जाएगा और हर क्षेत्र का विकास होगा। हर गरीब को पक्का मकान सहित सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। प्रदेश में गरीब, महिला, युवा और किसानों के लिए विशेष मिशन चलाए जा रहे हैं। सभी का कल्याण हमारा लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि प्रदेश में दो बड़ी नदी जोड़ो परियोजनाओं केन बेतवा और पार्वती कालीसिंध चंबल तथा अन्य सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से सिंचाई के रकबे में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। वर्ष 2003 में जो 7 लाख हेक्टेयर ही था, अब बढ़कर 48 लाख हेक्टेयर से अधिक हो गया है। हर एक खेत को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। उन्होंने किसानों से कहा कि वे अपनी जमीन बिल्कुल न बेचें, कुछ समय पश्चात हम कृषि उत्पादन में पंजाब और हरियाणा को भी पीछे छोड़ेंगे।

मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि आगामी समय में विदिशा क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। भोपाल, विदिशा, रायसेन और सीहोर को मिलाकर वृहत राजधानी परियोजना बनाई जा रही है। इसके लिए मास्टर प्लान शीघ्र ही तैयार किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न घोषणाएं की। उन्होंने घोषणा की कि विदिशा को नगर निगम बनाया जाएगा तथा विदिशा मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल को एकीकृत कर सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में जिस गति से ग्रामीण आवास का कार्य चल रहा है उसके चलते वर्ष 2026 तक हर गरीब का अपना पक्का मकान होगा। उन्होंने बताया कि पिछड़ी जनजातियों के लिए चलाई जा रही प्रधान मंत्री जन मन आवास योजना के अंतर्गत 46 हजार मकान बनाकर मध्य प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। जनजातीय क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में जन सुविधाओं का तेजी से विकास किया जा रहा है। विदिशा विधायक मुकेश टण्डन ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया और 105 मांगो पर आधारित मांगपत्र मुख्यमंत्री को सौंपा है।

इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मंच पर पहुंचकर जनता का अभिवादन किया और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ दीप प्रज्जवलित और कन्यापूजन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।









## सीएम व केन्द्रीय मंत्री का हेलीपैड पर अभिनंदन , भव्य स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल विदिशा की एसएटीआई हेलीपैड स्थल पर उतरने पर नागरिकों, सामाजिक संगठनो, जनप्रतिनिधियों, खिलाड़ियो, युवाओं ने पृथक-पृथक अभिनंदन कर स्वागत किया है। मुख्यमंत्री व केन्द्रीय मंत्री जैसे ही हेलीकाप्टर से उतरे तो सबसे पहले संभागायुक्त, आईजी, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक ने अभिवादन किया इसके पश्चात् केन्द्रीय मंत्री चौहान ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को गुलदस्तें भेंटकर विदिशा की पावन धरती पर स्वागत किया। तदोपरांत विधायक मुकेश टण्डन, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री जी ने यहा जनप्रतिनिधियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री का डीजे, ढोल नगाड़ों की धुन पर गुलाब की पंखुड़ियां और पुष्प वर्षा कर नगर में भव्य स्वागत हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज विदिशा नगर में आयोजित जनदर्शन में शामिल हुए।

## मध्य प्रदेश में रिकार्ड समय में बने ग्रामीण आवास-केंद्रीय मंत्री श्री चौहान

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास और प्रधानमंत्री जन मन आवास रिकॉर्ड समय में बनाए गए, इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव बधाई के पात्र हैं। प्रधानमंत्री जन मन योजना के अंतर्गत पहली सड़क भी मध्य प्रदेश में बनाई गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आज मध्य प्रदेश को 8 लाख 21 हजार190 आवास दिए जा रहे हैं, आगामी अप्रैल मई में इतने ही आवास प्रदेश को और दिए जाएंगे। उन्होंने आवासों की स्वीकृति से संबंधित पत्र मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को सौंपा। कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि जो गरीब आवास लेने से छूट गए हैं उनके लिए पुनः सर्वे कराया जा रहा है। अब स्व सर्वेक्षण की सुविधा भी सरकार दे रही है। उन्होंने बताया कि अब पात्रता की शर्तों में छूट दी गई है, जिसके अनुसार दो पहिया वाहन वाले, 15000 तक वार्षिक आय वाले और ढाई एकड़ तक सिंचित तथा 5 एकड़ तक असिंचित भूमि वाले हितग्राही भी प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पात्र होंगे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में 2011 की जनसंख्या के अनुसार 500 की आबादी वाले तथा 250 की जनजातीय आबादी वाले गांव भी पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि किसानों को ग्रीन हाउस, पोली हाउस, कृषि यंत्र, ड्रिप इत्यादि योजनाओं के अंतर्गत 384 करोड़ रुपए पूर्व में प्रदेश को दिए गए थे अब 435 करोड रुपए और दिए जाएंगे। लखपति दीदी बनाने के लिए एनआरएलएम योजना के अंतर्गत प्रदेश को 312 करोड़ 74 लाख रुपए की राशि दी गई है।

### प्रबुद्धजनों से संवाद

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कार्यक्रम स्थल में बनाए गए ग्रीनरूम में मौजूद जिले के प्रबुद्धजनों से संवाद कर विदिशा के विकास के नए आयामो के सुझावो को जाना है। उन्होंने कहा कि प्रबुद्धजनों द्वारा दिए गए जनहितैषी विकासोमुखी सुझावो पर अमल किया जाएगा। यहां प्रबुद्धजनों ने मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री का स्वागत किया।

### अनावरण व हितलाभ वितरण

सीएम ने कार्यक्रम में 177.53 करोड की लागत के निर्माण कार्यो का लोकार्पण व भूमिपूजन पट्टिका का बटन दबाकर अनावरण किया है। सीएम डॉ मोहन यादव, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, प्रभारी मंत्री लखन पटेल समेत विधायकगणो के द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न योजनाओं से लाभांवित होने वाले हितग्राहियों को प्रतीक स्वरूप हितलाभ के स्वीकृति पत्र प्रदाय किए है। पीएमएवाय गृह प्रवेश एक समूह के पांच हितर्ग्राहियों को चाबी वितरण प्रमाण पत्र, पीएमएवाय के पांच हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र, लखपति दीदी के एक समूह की दस हितग्राहियों को प्रमाण पत्र इसके अलावा विभिन्न योजनाओं से लाभांवित होने वाले हितग्राहियों को व्यवसाय संचालन हेतु ऋण स्वीकृति के पत्र प्रदाय किए उनमें सीसीएल के तहत मातादी स्व-सहायता समूह गोबरहेला को, कृषि आधारभूत संरचना निधि योजना के तहत सोर्टेक्स यूनिट संचालन हेतु प्रो गिरिराज फूड प्रोडक्टस के यश शर्मा और प्रो राधेश्याम वेयर हाउस की श्रीमती श्रेया को चेक वितरण किया। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य एवं उद्यम उन्नयन योजना के तहत चिप्स व नमकीन उद्योग स्थापित करने हेतु अमित जैन को लोन स्वीकृति पत्र, मध्यप्रदेश एमएसएमई प्रोत्साहन योजना के तहत प्रोपरायटर मै बालाजी राईस मिल के रितिक मीना को राईस मिल गतिविधि संचालन के लिए स्वीकृत ऋण राशि का चेक वितरित किया। वहीं बकरी पालन के लिए श्रीमती अनवर जहां पति कादिर खान और डेयरी व्यवसाय के लिए हितग्राही संबल सिंह को स्वीकृति पत्र मौके पर प्रदाय किया है।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कन्याओं को अपनी ओर से उपहार भेंट किए है।

प्रदर्शनी का अवलोकन - मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागो की प्रदर्शनियों का अवलोकन किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जिले में जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के उत्कृष्ट आवासो को रेखांकित करने वाली प्रदर्शनी के संबंध में बिन्दुवार जानकारी प्राप्त की। वहीं उद्यानिकी विभाग की फलोद्यान पर आधारित प्रदर्शनी में पहुंचकर कृषक थान सिंह के द्वारा दिए गए अमरूद को चखा है।

## ऑल इंडिया जमीआतुल कुरैश विदिशा जिला अध्यक्ष पद पर बाबू ठेकेदार को नियुक्त किया

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



भोपाल राज महल होटल में ऑल इंडिया जमीआतुल कुरैश सामाजिक संस्था के प्रदेश अध्यक्ष हनीफ कुरेशी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें प्रदेश अध्यक्ष हनीफ कुरेशी द्वारा समाज के वरिष्ठ जनों की सहमति पर सिरोंज निवासी भाजपा नेता इरफान कुरैशी उर्फ बाबू ठेकेदार को ऑल इंडिया जमीआतुल कुरेश विदिशा जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। गौरतलब हो कि बाबू ठेकेदार पिछले कई वर्षों से सक्रिय राजनीति में रहकर सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में गरीब जरूरतमंद लोगों की मदद करना उनका मुख्य उद्देश्य रहा है। उनके द्वारा कई वर्षों से मुशायरा एवं कवि सम्मेलन और दंगल सहित कई तरह के प्रोग्राम कराते चले आ रहे हैं जिससे उनकी छवि एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में उभर कर सामने आई है वहीं एक महीने के भीतर ही उन्हें ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के तहसील अध्यक्ष एवं मुस्लिम राष्ट्रीय मंच एवं गौ सेवा प्रकोष्ठ सहित अब ऑल इंडिया जमीआतुल कुरैश विदिशा जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है वहीं उन्हें क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा का भी करीबी माना जाता है। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ समाज जन आबिद कुरेशी,लियाकत कुरैशी, पूर्व जनपद सदस्य नईम कुरैशी पठारी, भाजपा नेता सलीम पहलवान, लईक खान, वक्फ कमेटी के तहसील अध्यक्ष वाजिद कुरैशी, ऑल इंडिया जमीआतुल कुरैश तहसील अध्यक्ष जहीर कुरैशी, नफीस कुरेशी आदि लोग मौजूद रहे।

## अध्यक्ष एवं सीएमओ ने परिषद के सफाई कर्मचारियों को वितरित की ड्रेस



**तेंदूखेड़ा।** नगर परिषद ने सभी सफाई कर्मचारियों को डेऊसो का वितरण किया है। इस दौरान नगर परिषद के अध्यक्ष सुरेष जैन, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव, सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह, पार्षद बुटटन चक्रवर्ती, महेष झारियां, सीएमओ प्रेम सिंह चैहान के अलावा समस्त कर्मचारियों की मौजूदगी में परिषद के 32 सफाई कर्मचारियों को डेऊसो का वितरण किया है। जिनमें प्रेमलाल बाल्मीकि, दसाई बाल्मीकि, रूपलाल बालमीकि, रामप्रसाद बाल्मीकि, संतोष बाल्मीकि, काषीराम बाल्मीकि, नन्हेलाल बाल्मीकि, मंगल बाल्मीकि, रामलाला बाल्मीकि, मुन्नलाला बाल्मीकि, मोती बाल्मीकि, अषोक बाल्मीकि, राजेष बाल्मीकि समेत अनेक सफाई कर्मचारियों के नाम शामिल है।

## कड़ाके की ठंड ने दिन में भी जलवाए अलाव, चलने लगी शीत लहर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

मकर संक्रांति के बाद बैसे ठंड कम होती है पर इस बार ठंड वृद्धि हो गई। शीत लहर चलने से कंप-कंप देने वाली ठंड पड़ रही है घरों से निकलने में लोगों की हालत खराब हो रही है ठंड से बचने के लिए लोग दिन आग जलाकर आ सकते हुए नजर आए। ठंडी हवा प्रारंभ होने से रात्रि में कोहरा जामने का डर भी किसानों को सताया । ठंड से बचने के लिए लोग दिन में भी आग जलाकर हाथ सकते हो नजर आएं ठंडी हवाएं चलने से वाहन चालकों की हालत खराब हो रही है। रात में तो 4-5 डिग्री के करीब टेंपरेचर पहुंच रहा है। वही दो पहिया वाहन चालकों के द्वारा सभी जतन करके वाहनों को चलाने काम किया जा रहा है।फिर भी ठंड के कारण की हालत खराब हो रही है। ठंडी हवाएं चल रही है घरों से लेकर दिन में भी लोग चौक-चौराहा दुकानों से सरकारी कार्यालय के बाहर भी अलावा जलाकर ठंड से बचने का प्रयास करते हुई नजर आए आने वाले दिनों में इसी तरह की सर्दी पढ़ने की संभावना मौसम ने जताई है। गंभीर बीमारी से पीड़ित तथा बुजुर्गों को घरों में ही रहने की सलाह डॉक्टर के द्वारा दी जा रही है,सर्दी बढ़ने बदले से फसलों मैं भी रौनक आ रही है। वही सूर्य देवता के दर्शन कई दिनों के बाद हुए तो लोग धूप का आनंद लेते रहे।



### झंडवा में हुआ क्रिकेट टूर्नामेंट आरंभ

**सिरोंज।** बुधवार को भवानी क्रिकेट क्लब झंडवा द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट प्रारंभ किया गया जिसका शुभारंभ हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य प्रतिनिधि विनोद शर्मा, जिला जनपद सदस्य प्रतिनिधि नीलम सिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य बृजेश यादव, राम सिंह पटेल आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके मैच का शुभारंभ करवाया ।

**मेट्रो एंकर** 2 साल पहले विधायक ने किया था भूमि पूजन, ठेकेदारों ने नहीं किया काम

# अब 5 करोड़ से शहर की बदलेगी सूरत, मुख्य बाजार में डामर कार्य होगा शुरु

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

नगर पालिका परिषद के द्वारा नगर की सूरत बदलने के लिए अगले कुछ महीना में मुख्यमंत्री अधोसंरचना एवं नगरपालिका निधि से 5 करोड़ के विकास कार्य धरातल पर मूर्तिरूप लेते हुए दिखाई देंगे यह काम होने के बाद धूल से लेकर अंधेरे से भी मुक्ति मिलेगी में एक काम ऐसा भी जिसको 2 साल पहले हो जाना चाहिए था वह काम भी अब होगा इसका भूमि पूजन 2 साल पहले विधायक उमाकांत शर्मा कर चुके थे पर काम नहीं हो रहा था ठेकेदारों ने टेंडर लेकर अनुबंध नहीं ओर काम करने के लिए भी नहीं आए कई बार नोटिस भी दिए गए इस वजह से यहां काम लटका हुआ था यह काम अब टेंडर होने के बाद ठेकेदार के द्वारा काम करने के लिए नगर पालिका से अनुबंध भी कर लिया इसमें लिंक रोड, बामोरा रोड उत्कृष्ट सड़क के दोनों ओर पोल लगाकर लाइट लगाने का काम होगा इसके बाद यहां पर अंधेरा रहता है उससे मुक्ति मिल जाएंगी अभी अंधेरा होने के कारण रात के समय इन मार्गों से आने जाने में बहन बेटी आसज महसूस करती है उनको भी यह काम होने के बाद आने-जाने में परेशानी नहीं होगी बाहर से आने वाले लोग भी इसकी तारीफ करेंगे इस काम को करवाने के लिए विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा प्रयास किया था तब जाकर निर्माण की मंजूरी मिल थी टेंडर होने के बाद नगर पालिका परिषद के द्वारा भूमि पूजन भी करवादया दिया था धरातल पर काम नहीं कर पाए थी। ठेकेदार काम लेकर गायब हो जाते थे इसकी वजह से काम रुका हुआ था वह काम भी पूर्ण होगा।



मुख्य बाजार में गड्ढों से मिलेगी मुक्ति - लंबे समय से मुख्य बाजार मैं जगह-जगह गड्ढे हो जाने से वाहन चालकों से लेकर राहगीरों को भी परेशानी हो रही थी व्यापारियों के द्वारा भी इन से मुक्ति दिलवाने के लिए कई बार विधायक से लेकर एसडीएम और नागर पालिका में भी शिकायत कर चुके थे काम नहीं हो पा रहा था अब जल्दी ही व्यापारियों से लेकर आम जनता को मुख्य बाजार के गड्ढे से से छुटकारा मिलने वाला है। नगर पालिका के द्वारा विधायक के निर्देश पर नगर पालिका परिषद की निधि से पुरानी बस स्टैंड के सेल्फी प्वाइंट्स से लेकर मुख्य बाजार और बाढ चौराहे तक 39 लाख से डामर करवाया। टेंडर भी जारी हो चुका है। ठेकेदारों द्वारा डामर डलने का शीघ्र ही शुरू कर दिया जाएगा इसके बाद खस्ता हल मार्ग से सभी को छुटकारा मिल जाएगा इसके अलावा छतरी नाके से लेकर कस्टम पथ बाले मार्ग पर भी अगले कुछ महीनो में डामर का कार्य मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के अंतर्गत नगर पालिका के द्वारा करवाया जाएगा यह सड़क भी कई सालों से जगह-जगह से उखाड़ चुकी है इसके कारण सभी को दिक्कत हो रही है। वाहनों को चलाने में दुर्घटना भी होती है वाहनों में टूट फूट भी होती है। डामर डालने के बाद इन सब से भी राहत मिल जाएगी। उक्त लगभग 15 साल पहले उक्त सड़क का निर्माण पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा करवाया गया था उसके बाद से इस सड़क की मरम्मत भी नहीं कराई गई इसको बनवाने के लिए ध्यान दिया गया शिकायतों को भी अनदेखा किया जा रहा था अब जाकर इस सड़क पर भी डामरीकरण का कार्य हो जाएगा तो सड़क की उम्र भी बढ़ जाएगी इसके अलावा डामर होने के बाद धूल से भी काफी हद तक निजात मिलेगी सीसी सड़क डालने के उपरांत धूल उड़ती है डामर डालने के बाद धूल भी नहीं उड़ेगी इस बात का ध्यान प्रशासन बनाते समय नहीं देता है।इस वजह से सीसी सड़क चंद्र महीने के बाद गढ़ों में तब्दील हो जाती है धूल के कारण सभी को परेशानी होती सीसी पर डामर का कोर्ट करवाने में लागत भी काम आती है फिर भी यह काम नहीं करवाया जाता है ।इसको लेकर कई तरह की चर्चाएं भी होती है। साथ ही बासौदा रोड से लेकर मंडी बाईपास मार्ग पर दोनों तरफ नाले का निर्माण भी होगा ।

### इनका कहना है

"विधायक के प्रयासों से 5 करोड़ से शहर में निर्माण कार्य होने वाले हैं जिसमें मुख्य बाजार में डामरीकरण बिजली के पोल लगे नाले का निर्माण शामिल है इनके टेंडर लग चुके हैं।"

– **रामप्रकाश साहू** मुख्य नपा अधिकारी सिरोंज

# कर्नाटक 5वीं बार विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा

## हरियाणा को 5 विकेट से हराया, पडिक्कल व स्मरण की फिफ्टी; अभिलाष को 4 विकेट

**वडोदरा. एजेंसी**

विजय हजारे ट्रॉफी 2024-25 के पहले सेमीफाइनल में कर्नाटक ने हरियाणा को 5 विकेट से हरा दिया। टीम ने 5वीं बार टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में जगह बनाई है। कर्नाटक के वडोदरा स्टेडियम में हरियाणा ने पहले बैटिंग करते हुए 9 विकेट खोकर 237 रन बनाए। कर्नाटक ने संभलकर बैटिंग की और 48वें ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। कर्नाटक के लिए देवदत्त पडिक्कल ने 86 और रविचंद्रन स्मरण ने 76 रन बनाए। दोनों के बीच 128 रन की पार्टनरशिप भी हुई। पहली पारी में अभिलाष शेट्टी ने 4 विकेट लेकर हरियाणा को बड़ा स्कोर बनाने से रोका था। टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल गुरुवार को विदर्भ और महाराष्ट्र के बीच वडोदरा में ही खेला जाएगा। अच्छी शुरुआत के बाद बिखरा हरियाणा कोटाम्बी स्टेडियम में कर्नाटक ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। हरियाणा ने 8वें ओवर में अर्श रंगा का विकेट गंवाया, जिन्होंने 10 रन बनाए। उनके बाद हिमांशु राणा और अंकित कुमार ने टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचा दिया। हिमांशु 44 और अंकित 48 रन बनाकर आउट हुए और टीम का स्कोर 118/3 हो गया।

सेट बैटर्स के आउट होने के बाद हरियाणा से किसी भी बैटर ने बड़ी पारी नहीं खेली। अनुज ठकराल ने 23, राहुल तेवतिया ने 22, सुमित कुमार ने 21 और विकेटकीपर दिनेश बाना ने 20 रन बनाकर स्कोर 237 रन तक पहुंचा दिया। कर्नाटक के लिए अभिलाष शेट्टी ने 4 विकेट लिए। प्रसिद्ध कृष्णा और श्रेयस गोपाल को 2-2 विकेट मिले, जबकि हार्दिक राज के हाथ एक सफलता आई। पहले ओवर में कर्नाटक ने विकेट गंवाया 238 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी कर्नाटक टीम की शुरुआत खराब रही। कप्तान मयंक अग्रवाल पहले ही ओवर में खाता खोले बगैर आउट हो गए। उनके बाद केवी अनीश ने पडिक्कल के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप की। अनीश 22 रन बनाकर आउट हुए और टीम ने 66 रन के स्कोर पर 2 विकेट गंवा दिए।

पडिक्कल ने फिर स्मरण के साथ पारी संभाल ली। दोनों ने टीम का स्कोर 200 के करीब पहुंचा दिया। पडिक्कल टीम को जीत की ओर ले जा रहे थे, तभी उन्हें निशांत सिंधु ने पवेलियन भेज दिया। पडिक्कल ने 86 रन बनाए। उनके बाद कृष्नन श्रीजिथ 3 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। स्मरण ने टारगेट के करीब पहुंचाया कर्नाटक ने 199 रन के स्कोर पर 4 विकेट गंवा दिए, यहां से स्मरण ने श्रेयस गोपाल के साथ मिलकर स्कोर 225 तक पहुंचा दिया। स्मरण भी टीम को जीत दिलाने से पहले ही आउट हो गए, उन्होंने 76 रन बनाए। श्रेयस ने आखिर में 23 रन बनाए और टीम को 47.2 ओवर में जीत दिला दी। कर्नाटक से अभिनव मनोहर 4 गेंद में 2 रन बनाकर नॉटआउट रहे। हरियाणा के लिए निशांत सिंधु ने 2 विकेट लिए। अंशुल कम्बोज, अमित राणा और पार्थ वत्स को 1-1 सफलता मिली।



# चैंपियंस ट्रॉफी : वनडे वर्ल्ड कप के 11 खिलाड़ियों का खेलना हुआ कन्फर्म

**नईदिल्ली, एजेंसी**

चैंपियंस ट्रॉफी शुरू होने में करीब एक महीने का समय बाकी है। 8 में से 6 टीमों ने अपना स्क्वॉड रिलीज कर दिया है। जबकि भारत और पाकिस्तान ने आईसीसी से 19 जनवरी तक का समय मांग लिया। टीम इंडिया के वनडे स्क्वॉड में ज्यादातर प्लेयर्स लगभग तय है। माना जा रहा है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की फिटनेस रिपोर्ट आने का इंतजार है। रिपोर्ट्स के अनुसार बुमराह ग्रुप स्टेज नहीं खेल सकेंगे। मोहम्मद शमी ने इंजरी से उबरने के बाद अब तक इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है, वहीं कुलदीप यादव ने भी पिछले दिनों सर्जरी कराई थी। तीनों प्लेयर्स का सिलेक्शन मैनेजमेंट के लिए सिरदर्द बना हुआ है।

स्टोरी में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया का पॉसिबल स्क्वॉड...

वनडे वर्ल्ड कप के 11 खिलाड़ियों का खेलना तय भारत ने 2023 का वनडे वर्ल्ड कप खत्म होने के बाद 6 ही वनडे खेले। इनमें भी सीनियर प्लेयर्स महज 3 का हिस्सा रहे। भारत ने वर्ल्ड कप में फाइनल को छोड़कर सभी मैच जीते थे। टूर्नामेंट के बाद हुए इतने कम मैचों को देखते हुए लगता है कि चैंपियंस ट्रॉफी की टीम भी वनडे वर्ल्ड कप टीम की तरह ही रहेगी। हालांकि, सूर्यकुमार यादव, ईशान किशान, शार्दूल ठाकुर और रविचंद्रन अश्विन इस टीम से बाहर हो सकते हैं। अश्विन रिटायर हो चुके हैं, वहीं शार्दूल को गौतम गंभीर के कोच बनने के बाद से टीम में नहीं चुना गया। दूसरी ओर सूर्या और ईशान खराब फॉर्म और व्यवहार के कारण वनडे टीम से अपना पत्ता कटवा चुके हैं। ऐसे में टीम मैनेजमेंट को इन्हीं प्लेयर्स के रिप्लेसमेंट ढूंढने के लिए ज्यादा दिमाग खपाना होगा।

**मिडिल ऑर्डर:** कोहली-श्रेयस टीम की बैकबोन वनडे क्रिकेट इतिहास में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले विराट कोहली नंबर-3 पोजिशन पर अपनी जगह बरकरार रखेंगे। उन्होंने आईपीएल के पिछले वनडे टूर्नामेंट में 3 शतक लगाकर सबसे ज्यादा रन बनाए थे। उन्हें नंबर-4 पर श्रेयस अय्यर का साथ मिलेगा, जिनके नाम आईपीएल टूर्नामेंट के नॉकआउट स्टेज में सबसे कम गेंदों पर सेंचुरी लगाने का रिकॉर्ड है।

**विकेटकीपर:** राहुल का बैकअप कौन? केएल राहुल ही टीम के फर्स्ट चॉइस विकेटकीपर बैटर हैं, वह वनडे वर्ल्ड कप की 10 टीमों में बेस्ट विकेटकीपर बैटर भी थे। फाइनल को छोड़ दें तो उन्होंने बाकी मैचों में कई अहम पारियां भी खेली थीं। हालांकि, टीम को राहुल का बैकअप भी चाहिए, क्योंकि ज्यादातर टीमें कम से कम 2 विकेटकीपर तो अपने स्क्वॉड में लेकर चलती हैं। राहुल के सपोर्ट के लिए संजू सैमसन, ऋषभ पंत और ईशान किशन के ऑप्शन मौजूद हैं। ईशान को वर्ल्ड कप के बाद से ही टीम इंडिया में मौका नहीं मिला। सैमसन और पंत में ही आखिरी डिबेट होगी।



### ओपनर्स रोहित-शुभमन की जोड़ी फिर करेगी शुरुआत

कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल की जोड़ी वनडे टीम में फिर एक बार अपनी जगह पक्की करते नजर आ रही है। दोनों ने 2023 से 25 मैचों में 72.16 की औसत से 1732 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की है। पिछले 2 साल में दोनों से ज्यादा ओपनिंग पार्टनरशिप रन किसी और जोड़ी ने नहीं बनाए। दोनों के सपोर्ट के लिए बैकअप ओपनर की जरूरत भी नजर आ रही है। अगर कोई प्लेयर इंजर्ड हुआ तो बैकअप प्लेयर उनकी जगह ओपनिंग कर सकेगा। इस पोजिशन के लिए यशस्वी जायसवाल का नाम फिलहाल सबसे ऊपर हैं। हालांकि, उन्होंने अब तक वनडे डेब्यू नहीं किया है। टीम के परमानेंट विकेटकीपर बैटर केएल राहुल भी बैकअप ओपनर की भूमिका निभा सकते हैं।

# एचएस प्रणय और प्रियांशु राजावत इंडिया ओपन बैडमिंटन से बाहर

**नईदिल्ली. एजेंसी**

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय और प्रियांशु राजावत इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में हार गए हैं। बुधवार को नई दिल्ली में खेली जा रही इस प्रतियोगिता का दूसरा दिन था। राउंड ऑफ 32 में प्रियांशु को दुनिया के 7वें नंबर के खिलाड़ी जापान के कोडाइ नराओका ने 21-16, 20-22, 21-13 से हराया। जबकि एचएस प्रणय को चीनी ताइपै के सू लि यांग ने 16-21, 21-18, 21-12 से मात दी। अनुपमा विमेंस सिंगल्स के दूसरे दौर में पहुंचीं प्रतियोगिता की विमेंस सिंगल्स कैटेगरी में पूर्व नेशनल चैंपियन अनुपमा उपाध्याय इस सुपर-750 प्रतियोगिता के दूसरे दौर में पहुंच गईं। उन्होंने भारत की रक्षिता श्री को 21-17, 21-18 से हराया। दोनों गोपीचंद अकादमी के ट्रेनिंग कोर्ट के बाहर अच्छी दोस्त हैं। सुबह के मुकाबलों में आकर्षि कश्यप को थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग ने 21-17, 21-13 से हराया। जबकि मालविका बंसोड को दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी चीन की हान युइ ने 21-16, 21-11 से हराया। दुनिया की नंबर-1 ओलिंपिक चैंपियन कोरिया की अन सि यंग ने चीनी ताइपै की चियू पिन चियान को 22-20, 21-15 से हराया। तनीषा-अश्विनी की जोड़ी अगले दौर में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी ने विमेंस डबल्स कैटेगरी में काव्या गुप्ता और राधिका शर्मा को 21-11, 21-12 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। ऋतुपर्णा और स्वेतापर्णा पांडा ने थाईलैंड की पी ऐमवारीस्त्रीसाकुल और सरिसा जानपेंग को 7-21, 21-19, 21-14 से हराया।

**विमेंस सिंगल्स में अनुपमा जीतीं; पोनप्पा जोड़ीदार के साथ अगले दौर में**

**जोकोविच सबसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम मैच खेलने वाले खिलाड़ी बने:** डिफेंडिंग चैंपियन नोवाक जोकोविच ने पुर्तगाल के जैमे फारिया को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के तीसरे राउंड में जगह बना ली है। सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी ने बुधवार को रॉड लेवर एरिना में फारिया को 6-1, 6-7, 6-3, 6-2 से हराया।




## मेट्रो बाजार

# आईपीओ लाने का प्लान बना रही ग्रो, 6,060 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है स्टॉक ब्रोकिंग कंपनी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

स्टॉक ब्रोकिंग कंपनी ग्रो अपना इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी आईपीओ लाने का प्लान बना रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंपनी ने आईपीओ को लेकर कई इन्वेस्टमेंट बैंकर्स के साथ चर्चा की है। कंपनी आईपीओ से 7-8 बिलियन डॉलर (69,258 करोड़ रुपए) की वैल्यूएशन पर लगभग 70 करोड़ डॉलर यानी 6,060 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। सूत्रों के मुताबिक, ग्रो ने अपने आईपीओ की प्रोसेस शुरू करने के लिए इन्वेस्टमेंट बैंकर्स से संपर्क किया है। हालांकि आईपीओ की टाइमलाइन अभी तय नहीं की गई है। यह मार्केट कंडीशन पर निर्भर होगी। यह आईपीओ कंपनी के अमेरिका से भारत में अपनी होल्डिंग कंपनी का रजिस्ट्रेशन पूरा करने के लगभग एक साल के अंदर ही आ रहा है। ग्रो अब उन बड़ी फिनटेक कंपनियों में शामिल हो गई है, जो बेहतर इकोनॉमिक पॉलिसीज और बढ़ते भारतीय बाजार की वजह से अपना कारोबार वापस देश में ला रही हैं। बेंगलुरु बेस्ड कंपनी की लिस्टिंग का प्लान ऐसे समय में आ रहा है, जब देश के स्टॉक ब्रोकर्स हाल ही में मार्केट रेगुलेटर सेबी के फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस ट्रेडिंग पर अंकुश लगाने की पहल से जूझ रहे हैं। सेबी का यह कदम छोटे रिटेल ट्रेडर्स की सट्टेबाजी को रोकने के लिए उठाया गया है। रेगुलेशन के बाद से इस कदम से दिसंबर में एफ एण्ड ओ ट्रेडिंग में 30% की गिरावट देखी गई है। यह सेगमेंट देश की टॉप स्टॉक ब्रोकिंग फर्मों के टोटल रेवेन्यू में लगभग 50% योगदान देता है। भारत में लीडिंग फुल-स्टैक फाइनेंशियल सर्विसेज फर्म में से एक ग्रो ने पिछले साल एक्टिव इनवेस्टर्स के नंबर्स के मामले में जेरोधा को पीछे छोड़ दिया था। नवंबर 2024 तक ग्रो ने 50 लाख से ज्यादा यूजर्स जोड़े, जो पिछले साल साइन अप करने वालों के नंबर्स से दोगुने से भी ज्यादा है। पिछले साल की तुलना में इसने अपने सबसे करीबी कॉम्पिटिटर जेरोधा और एंजल वन पर बढ़त हासिल की है। दरअसल, ग्रो की जेरोधा पर बढ़त अब लगभग 50 लाख की हो गई है। दिसंबर 2024 के मार्केट एक्सचेंज डेटा के अनुसार, ग्रो के पास करीब 1.3 करोड़ एक्टिव इन्वेस्टर हैं, जबकि जेरोधा के पास लगभग 81 लाख और एंजल वन के पास करीब 78 लाख एक्टिव इनवेस्टर्स हैं। ग्रो का मार्च 2024 को समाप्त वर्ष में कंसोलिडेटेड ऑपरेशनल प्रॉफिट 17 फीसदी बढ़कर 535 करोड़ हो गया।




# सरकार का नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 15.9 फीसदी बढ़ा

**वित्त वर्ष-25 में अब तक 16.89 लाख करोड़ रहा, 3.74 लाख करोड़ का टैक्स रिफंड जारी**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत सरकार का नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन चालू वित्त वर्ष-2024-25 में 15.9 फीसदी बढ़कर 16.89 लाख करोड़ हो गया है। पिछले साल इसी अवधि में यह 14.58 लाख करोड़ रुपए रहा था। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने इस बात की जानकारी दी। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स ने बताया कि 16.89 लाख करोड़ रुपए का नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन हुआ है। जिसमें 7.68 लाख करोड़ रुपए का कॉर्पोरेट टैक्स (नेट ऑफ रिफंड), 8.74 लाख करोड़ रुपए का नॉन-कॉर्पोरेट टैक्स और 44,538 करोड़ रुपए का सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स (नेट ऑफ रिफंड), शामिल है। सरकार ने 12 जनवरी तक 3.74 लाख करोड़ रुपए का डायरेक्ट टैक्स रिफंड जारी किया, जो 2023-24 की इसी अवधि की तुलना में 42.49 फीसदी की ग्रोथ है। वहीं नॉन-कॉर्पोरेट टैक्स कलेक्शन में एडवांस टैक्स में 21.5% की ग्रोथ हुई। कॉर्पोरेट टैक्स में सिर्फ 8% की ग्रोथ हुई है। टैक्स कलेक्शन महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह सरकार को अपने फिस्कल डेफिसिट टारगेट को पूरा करने में मदद करता है। केंद्र ने जुलाई के बजट में वित्त वर्ष 25 के लिए 4.9% फिस्कल डेफिसिट का टारगेट तय किया है।

## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना



# गुल बोलीं- अगर सब अच्छा होता तो आज 'पाताल लोक' नहीं होता

अमेजन प्राइम वीडियो की बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज 'पाताल लोक' का दूसरा सीजन 17 जनवरी 2025 से स्ट्रीम होने जा रहा है। हाल ही में सीरीज की स्टारकास्ट इश्वाक सिंह, गुल पनाग और डायरेक्टर अविनाश अरुण धवारे ने बातचीत की। अविनाश ने बताया कि इस बार सीरीज में पुरुष किरदारों के साथ महिला किरदार भी उभरकर नजर आएंगी। वहीं, गुल पनाग ने बताया कि जिंदगी का ऐसा उसूल है कि पुरुष और स्त्री हंड्रेड प्रतिशत एक दूसरे को नहीं समझ पाते हैं। वैसे भी अगर हम सब एक जैसे होते तो यह पाताल लोक नहीं होता। 'पाताल लोक 2' को लेकर आने में 4-5 साल लग गए। हम लोग बहुत ही बेहतरीन कहानी के साथ आ रहे हैं। मैं यही आशा करता हूं कि जिस तरह से दर्शकों ने पाताल लोक सीजन वन को प्यार दिया था उसी तरह से 'पाताल लोक 2' को भी प्यार दें। उन्होंने कहा कभी नहीं सोचा था कि ऐसे शो में काम करने का मौका मिलेगा। सब इंस्पेक्टर से लेकर आदमी जिस तरह से आईपीएस अधिकारी बनता है। उसी तरह से मेरे एक्टिंग प्रोफेशन में बदलाव आया है। आप यह कह सकते हैं कि एक्टिंग प्रोफेशन में एसीपी बन गया हूं। वहीं गुल पनाग कहती हैं कि हर रिश्ते में समय-समय पर तब्दीली आती है। कुछ तब्दीली हाथीराम और रेनू चौधरी के भी रिश्ते में आई है। पहले बच्चे पालने की जद्दोजहद में आपस में तनाव रहता था। अब बेटा बड़ा हो गया है। रेनू अब अपनी पहचान बनाना चाहती है। मुझे उम्मीद है कि दर्शकों ने जिस तरह से पहले सीजन में मेरे इस किरदार को पसंद किया था। उसी तरह इस बार भी पसंद करेंगे। उन्होंने कहा हर आदमी यही कहता कि मेरी पत्नी मुझे नहीं समझती है। कुछ हद महिलाओं की भी यही सोच है कि उनका पति उन्हें नहीं समझ पा रहा है। यह तो जिंदगी का उसूल है। हंड्रेड प्रतिशत हम एक दूसरे को नहीं समझ सकते हैं। मैं इस मामले में कोई परामर्श नहीं दे सकती हूं। अगर संक्षेप में मेरी बात समझे तो आदमी और औरत के बीच असमानता तो रहती ही है। यही बात हमें स्पेशल बनाती है। अगर हम सब एक जैसे होते, तो कहानियां नहीं बनती। फिर यह पाताल लोक नहीं होता।

# डायरेक्टर धर्मेश दर्शन बोले-मिस वर्ल्ड के चलते ऐश्वर्या को नहीं मिली राजा हिंदुस्तानी

7 जनवरी को साल 2000 में रिलीज हुई मेला की रिलीज को 25 साल पूरे हो चुके हैं। फिल्म में ट्विंकल खन्ना, आमिर खान और फैजल खान लीड रोल में थे। हालांकि ये बात कम लोग ही जानते हैं कि ट्विंकल से पहले ये फिल्म ऐश्वर्या राय को ऑफर हुई थी। इसके अलावा वो धर्मेश दर्शन की फिल्म राजा हिंदुस्तानी से बॉलीवुड डेब्यू करने वाली थीं। अब फिल्म के डायरेक्टर धर्मेश दर्शन ने ऐश्वर्या की जगह ट्विंकल को कास्ट करने की वजह बताई है। हाल ही में बॉलीवुड हंगामा को दिए एक इंटरव्यू में डायरेक्टर धर्मेश दर्शन से पूछा गया कि क्या वाकई मेला के लिए ऐश्वर्या राय पहली पसंद थीं। इस पर उन्होंने कहा, जी हां, वो फिल्म राजा हिंदुस्तानी (1996) में मेम साहब का रोल करने के लिए भी मेरी पहली पसंद थीं। मेरा दिल उन्हें लेना चाहता था। लेकिन उन्हें उस समय अर्जेंटली मिस वर्ल्ड के लिए जाना था। मैं कोई चांस नहीं लेना चाहता था। मैं एक ऐसी एक्ट्रेस चाहता था, जो पूरा समय फिल्म और बॉलीवुड को दे। उनकी कृपा है कि उन्होंने इस बात को दिल पर नहीं लिया। यही वजह है कि वो फिल्म मेला में मेरे लिए कैमियो करने के लिए राजी हो गईं। उन्हें आमिर नहीं फैजल के साथ पेयर किया गया था। उनके लेवल की हीरोइन ने शाहरुख खान, सलमान खान, आमिर खान के साथ काम किया था, इसके बावजूद वो कैमियो के लिए राजी हो गईं और वो कई घंटों तक ड्राइव करके उस सीन के लिए आईं। बातचीत के दौरान धर्मेश दर्शन ने ये भी बताया है कि कई महिलाओं ने ऐश्वर्या की जगह मेला में ट्विंकल को लेने पर उनसे कई बार सवाल किए गए। उन्होंने कहा, मैं कई महिलाओं से मिला था, जिन्होंने मुझसे कहा था, क्या सर आपने ऐश्वर्या को कैमियो दिया और ट्विंकल खन्ना को इतना बड़ा रोल दे दिया। बताते चलें कि सालों पहले वॉग मैगजीन को दिए एक इंटरव्यू में ऐश्वर्या राय ने बताया था कि उन्हें मिस वर्ल्ड बनने से पहले ही 4 बड़ी फिल्मों के ऑफर मिले थे, हालांकि पेजेंट के लिए उन्होंने सभी 4 फिल्में ठुकरा दी थीं। ऐश्वर्या ने बताया है कि फिल्म राजा हिंदुस्तानी ठुकराने के बाद वो आमिर खान के कहने पर फिल्म के प्रीमियर पर पहुंची थीं। यहीं उन पर संजय लीला भंसाली की नजर पड़ी और उन्हें फिल्म हम दिल दे चुके सनम मिल गई।



# धूम 4 : रणबीर कपूर का होगा ट्रांसफॉर्मेशन, एक्टर अप्रैल 2026 से शुरू करेंगे शूटिंग


रणबीर कपूर के खाते में अपकमिंग मेगा बजट फिल्म धूम 4 आ चुकी है। एक्टर ने इस फिल्म की तैयारी भी शुरू कर दी है। रिपोर्ट्स हैं कि फिल्म धूम 4 के लिए रणबीर कपूर पूरी तरह से लुक ट्रांसफॉर्म करेंगे। इस फिल्म की शूटिंग अगले साल अप्रैल में शुरू होने वाली है। रणबीर कपूर को फिल्म धूम 4 में नया लुक रखना होगा और उसे शुरू करने से पहले वो अपने 2 मौजूदा प्रोजेक्ट्स पूरे करने वाले हैं। धूम 4 की शूटिंग को अप्रैल 2026 में शुरू करने की प्लानिंग है। प्रोडक्शन टीम फिलहाल फिल्म के लिए 2 फीमेल लीड को लॉक करने की कोशिश कर रही है। फिल्म के लिए साउथ इंडस्ट्री की एक्ट्रेस को कंसिडर किया जा रहा है। कुछ समय पहले ही सामने आया था कि आदित्य चोपड़ा धूम फ्रेंचाइजी की 3 कामयाब फिल्मों के बाद इस फ्रेंचाइजी को आगे ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म को आयान मुखर्जी डायरेक्ट कर सकते हैं, वहीं विजय कृष्ण आचार्य इस फिल्म से बतौर राइटर जुड़े हैं। इससे पहले विजय कृष्ण आचार्य ने साल 2013 में आई धूम 3 को डायरेक्ट भी किया था। बताते चलें कि धूम फ्रेंचाइजी की 3 फिल्में, धूम, धूम 2 और धूम 3 रिलीज हो चुकी हैं। पहली फिल्म में अभिषेक बच्चन, जॉन अब्राहम, उदय चोपड़ा अहम किरदारों में थे, जबकि दूसरी फिल्म धूम 2 में अभिषेक बच्चन, ऋतिक रोशन और ऐश्वर्या राय लीड रोल में थे। साल 2013 में रिलीज हुई धूम 3 में आमिर खान ने डबल रोल निभाया था, जबकि उनके साथ कटरीना कैफ भी थीं। आने वाले सालों में रणबीर कपूर कई बड़ी फिल्मों में नजर आने वाले हैं।

# शादी का झांसा देकर महिला का शारीरिक शोषण



**भोपाल।** अशोका गार्डन पुलिस ने एक महिला की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का मामला दर्ज किया है। पीड़िता ने जब शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर दी। जानकारी के अनुसार इलाके में रहने वाली 31 वर्षीय महिला शादीशुदा और दो बच्चों की मां है। करीब सात साल पहले वह हनुमानगंज स्थित एक निजी कंपनी में काम करती थी, जहां उसकी मुलाकात संतोष कुमार से हुई थी। संतोष कुमार दवा बाजार में काम करता था। जान-पहचान के बाद दोनों के बीच दोस्ती हुई तो महिला ने उसे घर की कलह के बारे में बताना शुरू कर दिया। इस पर संतोष कुमार महिला के प्रति सहानुभूति दिखाने लगा। वह खुद को अविवाहित बताते हुए महिला से नजदीकी बढ़ाने लगा। करीब एक साल की पहचान के बाद संतोष ने महिला को शादी करने का वादा किया और उसका शारीरिक शोषण करने लगा। कई साल तक शारीरिक शोषण करने के बाद पिछले दिनों महिला को पता चला कि संतोष शादीशुदा है। इस पर उसने शादी के लिए दबाव बनाना शुरू किया तो संतोष ने महिला के साथ मारपीट करते हुए शादी करने से इंकार कर दिया। परेशान होकर पीड़िता ने थाने जाकर उसके खिलाफ केस दर्ज करवा दिया। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# यात्रियों का सामान चुराने वाले 5 बदमाश गिरफ्तार



**भोपाल।** चलती ट्रेनों में यात्रियों के बैग से सामान चोरी करने वाले 5 सदस्यीय गिरोह को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों ने जीआरपी ने कुल 7.38 लाख रुपये कीमत का माल बरामद किया है। आरोपियों से आभूषण के साथ ही 7 मोबाइल फोन भी जब्त हुए हैं। पुलिस अधीक्षक रेल राहुल कुमार लोढ़ा ने चलती ट्रेनों होने वाली चोरी और छीनाझपटी की घटनाओं पर रोक लगाने और बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए विशेष निर्देश दिए थे. इसके चलते जीआरपी ग्वालियर को यह सफलता हासिल हुई है. जीआरपी कंट्रोल के मुताबिक फरियादिया अनीता यादव अपने परिवार के साथ इटावा ग्वालियर एक्सप्रेस में भिंड से ग्वालियर की यात्रा कर रही थी. इसी दौरान बिरला नगर स्टेशन आने से पहले उनके ट्राली बैग की चैन खोलकर किसी ने सोने की चार अगूंठी, सोने के तीन जोड़ टाप्स, सोने की नाक की छ~बाली, चांदी के चार कमरबंध, चांदी के चार जोड़ पायल, चांदी के बच्चे के चूड़े, कमर का गुच्छा चांदी का, 25 जोड़ बिछिया और नकदी 1 लाख रुपए समेत कुल करीब सवा दो लाख का माल चोरी कर लिया था. जीआरपी ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था. सीसीटीवी कैमरों से मिला सुराग मामले की गंभीरता को देखते हुए जीआरपी थाना प्रभारी बबीता कठेरिया ने बदमाशों की तलाश के लिए एक विशेष टीम लगाई थी. टीम ने स्टेशनों और प्लेटफार्म पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज निकाले और बारीकी से परीक्षण किया. उसके बाद मुखबिरों से मिली सूचना के बाद आरोपी गिर्राज जाटव, संदीप जाटव, संतोषी जाटव, सिकंदर जाटव और साहिल वर्मा को गिरफ्तार किया. यह सभी आरोपी मुरैना जिले के थाना माता बसइया, बागचीनी और सिटी कोतवाली के रहने वाले हैं।

### स्टूडियो खोलने चाहिए था कैमरा तो फोटोग्राफर को बुलाकर की लूटपाट

# बैरसिया पुलिस ने लूट का खुलासा कर युवती समेत छह आरोपियों को किया गिरफ्तार

**मुख्य आरोपी कर चुका है फोटोग्राफी की पढ़ाई, बाइक समेत लूट का मामला बरामद**



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित देवलखेड़ा रोड पर तीन दिन पहले फोटोग्राफर से मारपीट कर उसकी बाइक और कैमरे-लैंस, ट्रायपोर्ट समेत अन्य सामान लूटने वाले आधा दर्जन लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लूट का माल वारदात में इस्तेमाल होने वाली फोर्ड कार सहित करीब 16 लाख रुपए का माल जब्त किया है। आरोपियों में एक युवती भी है जो अपने प्रेमी के कहने पर लूट की वारदात को अंजाम देने की साजिश में शामिल हुई थी। वहीं मुख्य आरोपी ने फोटो स्टूडियो खोलने के लिए फोटोग्राफर के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार पूरन कॉलोनी लटेरी जिला विदिशा निवासी अजय कुशवाह (21) पेशे से फोटोग्राफर है। गत 9 जनवरी को किसी अज्ञात महिला ने कॉल कर उससे कहा कि बैरसिया में बर्थडे पार्टी के फोटो व वीडियो बनाने है। अजय कार्यक्रम कवर करने के लिए तैयार हो गया और महिला की दी जानकारी के अनुसार विगत 12 जनवरी की शाम करीब साढ़े सात बजे अपनी बाइक से बैरसिया पहुंचा। जिस नंबर से महिला ने कॉल किया था, उस पर नंबर पर उसने कॉल किया। महिला ने उससे कहा कि नरसिंहगढ़ रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास आ जाओ। अजय पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो वहां एक युवक मिला। वह बाइक के पीछे बैठ गया और अजय को देवलखेड़ा रोड बायपास पर ले आया। देवलखेड़ा पर उसके अन्य साथी मिले। उन्होंने गांजा बेचने का आरोप लगाते हुए अजय कुशवाह के साथ मारपीट की और उसकी बाइक, कैमरे, लैंस, लाइट, स्टैंड, मोबाइल व वीडियोग्राफी का पूरा सामान छीन लिया। घटना के बाद फरियादी किसी तरह बैरसिया थाने पहुंचा और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

### लूट का सामान बेचते पकड़ाए आरोपी

पुलिस ने घटनास्थल के आसपास दर्जनों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। इस दौरान मुखबिर तंत्र भी सक्रिय कर दिया। 14 जनवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि लूट के आरोपी लूट का सामान बेचने बैरसिया आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने इलाके की घेराबंदी बाइक सवार युवक और युवती समेत कुल 6 आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने लूटी गई बाइक व वीडियोग्राफी का सारा सामान के अलावा सफेद रंग की फोर्ड कार भी जब्त की है।

### रास्ता भटकी 4 साल की बच्ची को परिजन से मिलाया



**भोपाल।** टीटी नगर थाना क्षेत्र में रास्ता भटकी चार साल की बच्ची को पुलिस ने सकुशल परिजन को सुपुर्द किया। बच्ची घर के सामने खेलते समय दूर निकल गई थी। जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम को राज्यस्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि तुलसी नगर इलाके में एक चार साल की बच्ची मिली है, जो अपने घर का पता नहीं बता पा रही है। सूचना के बाद टीटी नगर थाना क्षेत्र में तैनात डायल 100 को तत्काल मौके पर भेजा गया। डायल 100 के स्टाप आरक्षक सुनील दांगी और पायलेट योगेंद्र सिकरवार ने मौके पर पहुंचकर बच्ची को अपने संरक्षण में लिया। उसके बाद आसपास के इलाके में परिजन की तलाश शुरू की। इस दौरान बच्ची की बड़ी बहन उसकी खोजबीन करते हुए मिली, जिसे पहचान के बाद सकुशल सौंप दिया गया। बच्ची पंचशील नगर की रहने वाली है। वह शाम को घर के सामने खले रही थी, तभी रास्ता भटक गई और चलते हुए तुलसी नगर तक पहुंच गई थी।

# शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म, दैहिकशोषण



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ऐशबाग थाना क्षेत्र में युवती को शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म और दो साल तक दैहिक शोषण का मामला सामने आया है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म और दैहिक शोषण की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 34 वर्षीय युवती मिसरोद इलाके में रहती है और योगा क्लासेस चलाती है। करीब 10 साल पहले वह कालेज में पढ़ती थी, तब उसकी दोस्ती साथ पढ़ने वाले दुर्जन सिंह यदुवंशी से हुई थी। पढ़ाई खत्म करने के बाद युवती क्लासेस चलाने लगी, जबकि दुर्जन सिंह एक अस्पताल में योग प्रशिक्षक बन गया। इसके साथ ही वह पीएचडी भी कर रहा है। वर्ष 2022 में एक बार फिर से दोनों की

**दस साल पहले कालेज में हुई थी दोस्ती**

मुलाकात हुई तो उनकी दोस्ती प्रेम प्रंसग में बदल गई। इस दौरान सितंबर 2022 में दुर्जन युवती को घुमाने के बहाने ऐशबाग स्थित अपने दोस्त के कमरे पर लेकर पहुंचा और युवती की मर्जी के बिना उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। दुर्जन ने युवती से जल्द ही शादी करने का वादा किया था। पिछले साल जून 2024 तक वह युवती का शोषण करता रहा। इस दौरान युवती ने जब शादी के लिए दबाव बनाना शुरू किया तो उसने शादी करने से इंकार कर दिया। परेशान होकर पीड़िता ने थाने जाकर उसके खिलाफ केस दर्ज करवा दिया। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# निर्माणाधीन बिल्डिंग की दूसरी मंजिल से गिरकर नवविवाहिता की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित सेज गोल्डन सिटी में निर्माणाधीन बिल्डिंग की दूसरी मंजिल से गिरकर एक महिला घायल हो गई। पति उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचा, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार शिवानी मरावी पति वीरेंद्र मरावी (24) मूलत~गांव कलंगी, थाना शाहपुर, जिला डिंडौरी की थी। उसकी शादी एक साल पूर्व ही वीरेंद्र कुमार से हुई थी। वीरेंद्र कुमार यहां सेज गोल्डन सिटी में मजदूरी करता है और पत्नी को वह साथ ले आया था। दंपती साथ मजदूरी करते थे और निर्माणाधीन बिल्डिंग में ही रह रहे थे। वीरेंद्र बुधवार सुबह सोकर उठा तो शिवानी ने उससे खाना बनाने की बात कही। वीरेंद्र ने कहा कि रात का खाना रखा हुआ है उसे खा लेंगे। इसके बाद वह शौच के लिए बाहर चला गया। शौच करने के बाद सुबह करीब 8 बजे वह बिल्डिंग पर लौटा तो शिवानी उसे नीचे पड़ी नजर आई। वह शिवानी को लेकर निजी अस्पताल पहुंचा, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद शिवानी को मृत घोषित कर दिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

इधर सूखीसेवनिया पुलिस ने बताया कि 35 साल का मनोज चिराढ़, जैसी नगर, सागर का था। मंगलवार शाम सूखीसेवनिया इलाके में चौपड़ा कलां के पास उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची डायल 100 ने एंबुलेंस की मदद से उसे हमीदिया अस्पताल पहुंचाया था।

### सीमेंट ढो रहे मजदूर को बाइक सवार ने मारी टक्कर, मौत

**भोपाल।** ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित इज्तिमा गेट के पास मंगलवार रात बाइक सवार युवक ने ठेले पर सीमेंट लेकर जा रहे मजदूर को टक्कर मार दी। हादसे में उसे गंभीर चोट आई थी। उसे पास ही स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने हालत नाजुक बताते हुए हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया। हमीदिया अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार सुभाष अहिरवार पिता ओमकार अहिरवार (30) जबलपुर का रहने वाला था। पेशे से मजदूर सुभाष यहां इज्तिमा गेट के पास निर्माणाधीन मकान में काम कर रहा था और वहीं रहता था। मंगलवार रात करीब 8 बजे सुभाष ठेले पर सीमेंट की बोरियां लेकर निर्माणाधीन मकान पर ले जा रहा था, तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी।

# शातिर बदमाश चढ़े पुलिस के हत्थे


**दो वारदातों का खुलासा, 1.40 लाख का माल बरामद**



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बागसेवनिया पुलिस ने दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनसे चोरी का डेढ़ लाख रुपए का माल बरामद किया है। पूछताछ में आरोपियों ने इलाके में दो वारदातों को अंजाम देना कबूला। आरोपी हबीबगंज के निगरानी बदमाश हैं। दोनों के खिलाफ पूर्व से एक दर्जन से ज्यादा अपराध दर्ज हैं। डीसीपी जोन क्रमांक-2 संजय अग्रवाल ने बताया कि साकेत नगर नाले के पास स्थित एक मकान की बाउंड्री वाल कूदकर बदमीश सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए थे। इसी प्रकार भेल संगम कालोनी स्थित एक सूने मकान की खिड़की की ग्रिल काटकर जेवरात समेत हजारों का सामान चोरी हुआ था। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद बदमाशों की तलाश में अलग-अलग टीमें लगाई गई थी। इलाके और मार्ग में लगे करीब 90 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखने के बाद एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने दोनों वारदातों को अंजाम देना और चोरी किए गए माल को दूसरे युवक को बेचना बताया। उसके बाद पुलिस ने दूसरे युवक को भी गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों का विवरण पुलिस ने इस मामले में नवीन सोलंकी उर्फ अभिषेक (24) निवासी बीडीए मल्टी बारह नंबर थाना हबीबगंज और चोरी का माल खरीदने वाले गजराज उर्फ गज्जू नामदेव (35) निवासी मल्टी 12 नंबर हबीबगंज को गिरफ्तार किया है।

दोनों के पास से सोने का पेन्डल, सोने की 31 गुरिया, 4 जोड चॉदी की पायल, 1 चॉदी की चेन, 2 चॉदी के लेडीज कमर चाबी, 2 चॉदी के बिछिया, 1 सोने की हाय, 9 जोड चॉदी के पायल, 21 जोड चॉदी की बिछिया, 2 चॉदी के कड़ा समेत कुल 1 लाख 40 हजार का माल जब्त किया गया है।




**मेट्रो एंकर** तीन जालसाजों ने बुजुर्ग दंपती से की वारदात, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

# असली सोना दिखाकर नकली थमाया, साढ़े 4 लाख की ठगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**




शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित एलबीएस अस्पताल के पास बुजुर्ग दंपती को तीन जालसाजों ने साढ़े 4 लाख रुपए का चूना लगा दिया। जालसाजों ने दंपती को पहले असली सोने के दो दाने दिखाए और उन्हें चेक कराने का कहा। सोना असली देखकर वे सोना खरीदने के लिए तैयार हो गए और जालसाजों ने उन्हें नकली सोना थमाकर साढ़े चार लाख रुपए ले लिए। पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मूलरूप से बढ़ियाखेड़ी मोहल्ला, जिला सीहोर निवासी रामभजन मालवीय (62) पेशे से किसान हैं। दिसंबर 2024 में वह पत्नी के दांत का इलाज कराने भोपाल आए थे। उनकी पत्नी का इलाज रायल मार्केट के पास एक डेंटिस्ट के पास चल रहा था। एक दिन सीहोर से भोपाल आते समय बस में उनकी सीट के बगल वाली सीट पर 25-26 साल का एक युवक बैठ गया। उसने अपना नाम मोहन बताया और बुजुर्ग दंपती से पहचान बना ली। उसने बताया कि वह एक ठेकेदार के पास काम करता है। इस पर बुजुर्ग ने कहा कि उसके खेत पर काम के लिए युवक की जरूरत है। कोई युवक हो तो बताना। इस प्रकार दोनों ने अपने मोबाइल नंबर एक्सचेंज कर लिए। बाद में दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत होने लगी। 25 दिसंबर को उसी युवक ने रामभजन को कॉल कर बताया कि चित्तौडगढ़ राजस्थान में खेत में काम करते समय उसकी मां को जमीन में दबे सोने के आभूषण मिले हैं। वो आभूषण सस्ते दाम में बेचना है। यदि आपको चाहिए हो तो बता देना। इस पर रामभजन ने उससे कहा कि सोना हम बिना परख के नहीं लेंगे। तब युवक ने बुजुर्ग को भोपाल बुलाने के बाद हार में से दो दाने निकालकर थमा दिए। उस समय मोहन नामक युवक के साथ एक महिला और एक पुरुष भी थे। बुजुर्ग ने तीनों के साथ बैरागढ़ में एक ज्वैलर्स की दुकान पर जाकर दाने चेक कराए। ज्वैलर्स ने सोने के दाने असली होने की पुष्टि कर दी।

### 10 लाख की जगह साढ़े 4 लाख में सौदा

असली होने की पुष्टि होने बाद महिला समेत तीनों जालसाज रामभजन को बार-बार कॉल कर सोना खरीदने का दबाव बनाने लगे। उन लोगों ने कहा कि दस लाख रुपए में वह सोने के सारे आभूषण बेच देंगे। तब रामभजन ने कहा कि उसके पास इतने पैसे नहीं हैं। किसी तरह साढ़े चार लाख रुपए इकट्ठा हुए हैं। तब जालसाजों ने कहा कि साढ़े चार लाख रुपए अभी दे दो, बाकी रकम बाद में दे देना। लिहाजा विगत 30 दिसंबर की दोपहर करीब 2 बजे रामभजन अपनी पत्नी और गांव के एक अन्य दंपती के साथ हमीदिया अस्पताल के सामने पहुंचे।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022